वर्ष- 21 अंक - 253 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 26 फरवरी 2026



## जापान में बच्चों ने योगी को रोका

**गुरुवार.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय जापान दौरे पर हैं जहां यमुनाशी की ओर जाते समय रास्ते में ही भारतीय मूल के लोग उनसे मिलने पहुँच गए, जिनमें कुछ बच्चे भी शामिल थे। इन बच्चों ने सीएम योगी को दंडवत् होकर प्रणाम किया और उनके पैर छुए। इसके बाद इन बच्चों ने उन्हें संस्कृत में श्लोक भी सुनाए। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट भेंट की और प्यार से उनके सिर पर हाथ रखा।

## भारतीय कपड़े पहनकर नेतन्याहू ने दिया सरप्राइज



येरुशलम ● एजेंसी

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ डिनर से पहले पारंपरिक भारतीय कपड़े पहने। बेंजामिन नेतन्याहू ने सफेद रंग की फुल स्लीव शर्ट के ऊपर हल्के ग्रे रंग की स्लीवलेस जैकेट पहनी, जो पारंपरिक भारतीय जैकेट जैसी लग रही है। इसके साथ ही उन्होंने नीचे डार्क रंग की फॉर्मल पैंट और काले रंग के फॉर्मल जूते पहने। उन्होंने एक्स पर हिंदी में पोस्ट कर लिखा कि हमारे संयुक्त रात्रिभोज से पहले, मैंने अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी को पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर चौंका दिया।

### एक ही कार में सवार हुए मोदी और नेतन्याहू

इजराइल की संसद को संबोधित करने के बाद मोदी और नेतन्याहू एक ही कार में सवार होकर म्यूजियम गए।

### मोदी ने कहा- मेरा जन्म उसी दिन हुआ जब

**पीएम मोदी ने इजरायल की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि उनका जन्म 17 सितंबर 1950 को भारत द्वारा इजरायल को औपचारिक मान्यता दिए जाने के दिन हुआ था।**



### मोदी ने दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री मोदी के इजराइल दौरे का आज दूसरा दिन है। दिन की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने येरुशलम स्थित होलोकॉस्ट के स्मारक 'याद वाशेम' में मारे गए यहूदियों को श्रद्धांजलि दी। आज वे इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात करेंगे, जहां द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय हालात पर चर्चा होगी। इस दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच बड़ी डिफेंस डील हो सकती है।

## मंदिर में नमाज पढ़ने वाले की पिटाई

**गुरुवार.एजेंसी।** केरल के अय्यप्पा स्वामी मंदिर में तोड़फोड़ और नमाज पढ़ने के आरोप में एक व्यक्ति की पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले किया गया।

## इंस्टाग्राम पर मोदी नंबर वन, ट्रंप को भी पीछे छोड़ा

**गुरुवार.एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन यानी 10 करोड़ फॉलोअर्स का आंकड़ा पार कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। वे इंस्टाग्राम पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले विश्व नेता और राजनेता बन गए हैंमोदी ने साल 2014 में इंस्टाग्राम से अपनी यात्रा शुरू की थी। तब से लेकर अब तक उनकी सोशल मीडिया की उपस्थिति लगातार बढ़ती रही है। मोदी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दूसरे स्थान पर हैं, जिनके 43.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।**

## भारत ने पाक से कहा– पीओके खाली करो

**संयुक्त राष्ट्र.एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। भारत की राजनयिक अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान के झूठे आरोपों का मुंहतोड़ जवाब दिया और पीओके खाली करने को चेताया। उन्होंने साफ-साफ कहा कि पाकिस्तान को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) खाली करना चाहिए, क्योंकि उसने भारत की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। साथ ही, उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल ब्रिज का जिक्र करते हुए कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर में बना दुनिया का सबसे ऊंचा चिनाब रेल ब्रिज पाकिस्तान को नकली लगता है, तो शायद वह हकीकत से दूर है।

## साध्वी रंजना और उनके शिष्यों से मारपीट, कार में की तोड़फोड़

**भोपाल.एजेंसी।** मिसरोद गांव में ओवरटेकिंग के विवाद को लेकर साध्वी रंजना और उनके शिष्यों से मारपीट हो गई। साथ ही बदमाशों ने उनकी कार में भी तोड़फोड़ कर दी। शिष्यों ने कार चालक की चेन झपटने का आरोप भी लगाया है। साध्वी रंजना सलैया में एक कार्यक्रम से अपने पेबल बे स्थित घर लौट रही थीं तभी पीछे से आ रही कार ने ओवरटेकिंग करने का प्रयास किया और पीछे से साध्वी की कार को टच किया। पीछे से आ रही कार में सवार लोगों ने साध्वी और उनके शिष्यों के साथ गालीगलौज व मारपीट की, कार में भी तोड़फोड़ की। इस घटना को लेकर बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद के लोगों ने थाना का घेराव किया।

## भाजपा ने उमर खालिद से की राहुल गांधी की तुलना, लगाए पोस्टर




**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली में एआई समिट में हुए हंगामे पर भाजपा ने एक बार फिर राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया। भाजपा ने राहुल गांधी की तुलना 2020 दंगे के आरोपी उमर खालिद से करते हुए दिल्ली भाजपा ऑफिस के बाहर एक पोस्टर लगाया। जिसमें लिखा कि अराजकता का तरीका एक, बस देश विरोधी चेहरे बदलते रहते हैं। इस पोस्टर में एक तरफ उमर खालिद हैं जिसमें उसे सीएए के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए दिखाया गया है। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी हैं उनके आगे शर्टलेस कार्यकर्ता की तस्वीरें जो एआई समिट का विरोध कर रहे हैं।




## अंबानी के घर हुआ तेंदुलकर के बेटे की शादी का पहला फंक्शन

**जामनगर.एजेंसी।** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी के प्री- वेडिंग फंक्शन शुरू हो गए हैं जिसकी शुरुआत जामनगर में अंबानी परिवार के घर पर हुई। जहां तेंदुलकर और अंबानी, दोनों ही परिवार के सदस्य देसी रंग में रंगे नजर आए, लेकिन नजरें होने वाली बहुरानी पर ही रहीं। चमचमाते लहंगे में सानिया चंडोक बेहद खूबसूरत लगीं और सारी लाइमलाइट अपने नाम कर ली। जिनकी तस्वीरें सामने आते ही वायरल हो गईं। सानिया चंडोक लहंगा पहनकर तैयार हुईं, तो अंबानी की बहुओं ने भी सूट पहन अपना स्टाइलिश रूप दिखाया। लेकिन, अपने स्पेशल डे पर सानिया चमकीं।

## अर्द्धनग्न प्रदर्शन करने वाले कांग्रेसियों को पकड़कर अंबाला लाई पुलिस

**गुरुवार.एजेंसी।** दिल्ली में एआई समिट में अर्द्धनग्न प्रदर्शन करने वाले युवा कांग्रेस के तीन और आरोपियों को 18 घंटे तक चले ड्रामे के बाद दिल्ली पुलिस ने हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कांग्रेसियों को मेडिकल के लिए अंबाला लाया गया है। इन तीनों को दिल्ली की अदालत में पेश किया जाएगा। ज्ञात रहे कि दिल्ली पुलिस इन तीनों को गिरफ्तार करने हिमाचल प्रदेश पहुंची थी, लेकिन कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश की पुलिस ने इन तीनों को गिरफ्तार करने पहुंची दिल्ली पुलिस का रास्ता रोका और 18 घंटे तक यह ड्रामा चलता रहा। आधी रात को कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद दिल्ली पुलिस इन्हें गिरफ्तार कर सकी।

शोक बैठक - उठावना



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करने मै आता है कि श्री जगदीश चंद्र जी वर्मा प्रजापति की धर्मपत्नी, आशाराम ,रमेश ,रामचंद्र, भोलू धार वालो की भाभी, नंदकिशोर, शांतिलाल, राजेन्द्र, रवि, अजय, नवीन, अज्जू, दीपेश, अरुण, गोलू की काकी जी, नीलेश वर्मा प्रजापति, गजेंद्र वर्मा प्रजापति की माताजी, गोपेश, जितेंद्र, विनोद, उमेश, दीपक, मुकेश, गोविंद, दिनेश, चेतन, अंकित, हर्ष, सौरव, गौरव, आदर्श प्रजापति की दादी मां, पुनीत, नकुल, प्रतीक, जियांश, भावेश, मितांश, वैदिक की परदादी

माँ श्रीमती शकुंतला देवी वर्मा प्रजापति

का स्वर्गवास दिनांक 21 फरवरी 2026 को हो गया है।
शोक बैठक गुरूवार 26 फरवरी 2026 को सायं 5 से 6 बजे राठौर समाज धर्मशाला अंतिम चौराहा, इन्दौर पर रखी गई है।

शोकाकुल : गजेंद्र वर्मा
पूर्व महामंत्री मप्र कांग्रेस कमेटी (समस्त प्रजापति वर्मा परिवार)

# विजयवर्गीय के बजरबट्टू बनने का मुद्दा भी उठाएगी कांग्रेस

### अलग-अलग तरह की हो रही है बात, कुछ कह रहे है पहले लगाओ पोस्टर तो कुछ कह रहे हैं कि कार्यक्रम के बाद उठाओ मुद्दा, भागीरथपुरा में बड़ी संख्या में रहवासियों की हुई मृत्यु और यह कर रहे हैं आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के करीबी अशोक चौहान चांदू, भूपेन्द्र केसरी, अजय लाहोटी, नितिन शर्मा सहित अन्य मिलकर हर वर्ष रंगपंचमी के एक दिन पूर्व हिन्द मालवा संस्था के बैनर तले बजरबट्टू कार्यक्रम आयोजित करते हैं, यह कार्यक्रम इस वर्ष भी आयोजित हो रहा है। यह आयोजन दो प्रकार का होता है, पहले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की नए अलग रूप में शोभायात्रा खजूरी बाजार से मल्हारगंज थाना के सामने तक निकाली जाती है। बड़ी संख्या में मंचों से स्वागत भी होता है। साथ में पूर्व विधायक जीतू जिराती, आकाश विजयवर्गीय और अन्य राजनेता भी रहते हैं। इस बार मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की विधानसभा 1 के वार्ड 11 भागीरथपुरा में हादसा दूषित जल पीने से हुआ। कई दर्जन लोगों की दूषित पानी पीने से मृत्यु हुई और बड़ी संखया में लोग बीमार होकर अस्पताल में उपचाररत रहे। भागीरथपुरा हादसा पूरे प्रदेश के साथ देश में भी चर्चा का विषय बना। एक पत्रकार से चर्चा में तीखे बोल भी विजयवर्गीय के देशभर में गूंजे और कांग्रेस ने भी इस भागीरथपुरा मुद्दे पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और पूरी निगम को जमकर घेरा। अब फिर से कांग्रेस मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति के कारण बजरबट्टू कार्यक्रम को निशाने पर लेगी। सूत्रों का कहना है कि कुछ कांग्रेसी पहले मंत्री विजयवर्गीय के पोस्टर लगाकर बजरबट्टू नहीं बनने की अपील जारी करेगी और उस पोस्टर में भागीरथपुरा का हवाला भी दिया जाएगा और उसके बाद भी मंत्री विजयवर्गीय बजरबट्टू बनते हैं तो कार्यक्रम के बाद भी विजयवर्गीय को कांग्रेस आड़े हाथों लेगी। अभी कांग्रेस की रणनीति इस मुद्दे पर बन रही है। कुछ कांग्रेसियों का कहना रहा कि अभी बैनर-पोस्टर मत लाओ, कार्यक्रम हो जाने दो उसके बाद बजरबट्टू बनने वाले विजयवर्गीय को घेरा जाएगा। कुछ कांग्रेसियों का कहना है कि हम एमजी रोड पर बैनर पोस्टर लगाएंगे, तो कुछ ने कहा हम भागीरथपुरा क्षेत्र में बैनर-पोस्टर लगाएंगे, तो कुछ का कहना रहा कि अभी कुछ नहीं करना चाहिए, बजरबट्टू बनने के बाद इस हास्य रोड शो का मुद्दा जमकर उठाया जाए और पूरा मामला इंदौर के अलावा कांग्रेस भोपाल से भी उठाए। कुछ ने कहा कि मंत्री विजयवर्गीय अभी संभल-सभलकर कदम रख रहे हैं। अभी उनकी तीखी भाषा विधानसभा में भी हो गई थी, वे फिर से चर्चा में हैं। अगर कांग्रेस ने पहले कुछ करा तो वे बजरबट्टू नहीं बनेंगे। इधर जहां बजरबट्टू का मुख्य आयोजन कवि सम्मेलन का होगा वहीं छोटा गणपति मंदिर पर मंच बनाकर कार्यक्रम होगा, बड़ी संख्या में रहवासी और दुकानदार मेट्रो स्टेशन का विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस उनका भी साथ लेना चाहती है।



## फाग रसिया गान में पहुंचे सांसद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पश्चिमी क्षेत्र के महेश नगर धर्मशाला में कल्याण राय महाराज नाथद्वारा, युवराज हरिराय बाबा, वाघधीश बाबा द्विजराज राय के सानिध्य में फूल फाग और फाग रसिया गान महोत्सव का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में इंदौर के अलावा पूरे प्रदेश और बाहर से भी वैष्णवजन शामिल हुए। इस फास रसिया गान के लिए नाथद्वारा से विट्ठल रसिया मंडल की वैष्णव टीम ने प्रस्तुति दी। ठाकुरजी को फाग गीत सुनाए। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी भी पहुंचे और उन्होंने भी रसिया फाग गान का लुत्फ लिया। यह कार्यक्रम विट्ठलेश मंडल ने आयोजित किया।



## आम आदमी पार्टी में अनुराग यादव को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आम आदमी पार्टी अपने संगठन को लगातार मजबूत करने में लगी हुई है इसी कड़ी में संगठन पदाधिकारी प्रदेश स्तर से लेकर हर स्तर पर बनाए गए। विधानसभा 1 से विधानसभा का चुनाव लड़े अनुराग यादव को अब संगठन ने संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है, कई नेता और कार्यकर्ताओं ने अनुराग यादव को बधाई दी है।

# भागीरथपुरा मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष ने ली बैठक

### संबंधित लोगों को कहा पूरी जानकारी जुटाओ, मृतकों पर कितने लोग थे आश्रित, कितनों को सहायता मिली, कितनों को नहीं, कांग्रेसी पहुंचेंगे मृतकों के परिवार में रंग डालने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शहर कांग्रेस अध्यक्ष और निगम में नेताप्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कल अपने निगम नेता प्रतिपक्ष कार्यालय में भागीरथपुरा में हुए दूषित जल पीने से हादसे को लेकर भागीरथपुरा क्षेत्र के कांग्रेसियों की बैठक बुलाई। सभी से कहा कि जिनके पास जो-जो जानकारी मृतक और उनके परिवार की है वे देवे, किस-किसकी तबीयत खराब हुई थी, कितने दिन अस्पताल में भर्ती रहे उनका कितना खर्चा लगा और अभी ठीक होकर घर आए तो उनकी स्थिति क्या है। जिन लोगों की मृत्यु हुई उनके परिवार को शासकीय 2-2 लाख की सहायता राशि मिली या कुछ लोगों को नहीं मिली। भागीरथपुरा से जुड़े कांग्रेसियों ने बहुत कुछ जानकारी दी, चौकसे ने सभी को कहा कि पूरी अपडेट जानकारी 2 से 3 दिनों में दे दी जाए। कांग्रेस भागीरथपुरा मुद्दे को व्यापक रूप से फिर से उठाएगी। इस बैठक के पीछे यह भी बताया जा रहा है कि इसकी पूरी जानकारी विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रभारी हरीश चौधरी, सहप्रभारी उषा नायडू को भी दी जाएगी।

### कांग्रेसी जाएंगे भागीरथपुरा मृतकों के परिवार में रंग डालने

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि दूषित जल पीने से भागीरथपुरा में बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु हुई है और इन मृत्यु में प्रशासन अभी भी पूरी मृत्यु दूषित जल के कारण ना होना बता रहा है, जो गलत बात है। कांग्रेस होली और धुलेंडी के बीच इन सभी भागीरथपुरा में हुए दूषित जल से मृत्यु के बाद उनके परिवार के बीच पहुंचेगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के अलावा अन्य कांग्रेसी भी मौजूद रहेंगे। इस दुःख की घड़ी में कांग्रेस उनके साथ मौजूद रहेगी। सभी पर रंग-गुलाल डाला जाएगा।





# पटवारी और चौकसे पहुंचे गांधी भवन मामले में घायल से मिलने

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सिटी ब्लास्ट ने मंगलवार को समाचार प्रकाशित किया था कि कांग्रेस का कोई भी वरिष्ठ गांधी भवन मामले में घायल लोगों से मिलने नहीं पहुंचा है और उसी के बाद कल देवेन्द्रसिंह यादव ने सभी वरिष्ठों के नाम इसी मुद्दे पर पत्र भी जारी किया था और कल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने इंदौर में गांधी भवन में हुए भाजपाइयों से विवाद पथराव के दौरान घायल विजय राठौर और गब्बर पंवार के निवास पर पहुंचकर मुलाकात की, इन दो घायलों के अलावा पटवारी और चौकसे वयोवृद्ध कांग्रेस नेत्री हलीमा बी के भी घर गए। घायलों और हलीमा बी के कुशलक्षेम पूछे।

## सूखे रंगों से होली खेलने की अपील

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कांग्रेस नेता और राजीव विकास केन्द्र के उपाध्यक्ष विजय कुमार देवडा ने आगामी हिन्दु समाज के बडे पर्व होली और रंगपंचमी पर सूखे रंगों से होली मनाने की अपील की है। देवडा ने खासतौर से युवाओं से अपील की है कि वे किसी भी मकान और दुकान पर कलर नहीं फेंके और टूव्हीलर वाहनों पर तीन या अधिक सवारी बैठाकर वाहन का संचालन भी नहीं करें, जहां भी कार्यक्रम में शिरकत कर रहे है वहां साउंड सिस्टम धीमी गति से ही संचालित करवाए। पुलिस और प्रशासन की गाइड लाइन का भी पालन करें।

# जिला कांग्रेस ने पायलट प्रोजेक्ट में पूर्ण किया समितियों का गठन

### 335 ग्राम पंचायत और 128 वार्ड समितियां हुई गठित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे के मार्गदर्शन में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई शुरुआत अब बडे गठन के साथ आगे बढ़ चली है। विपिन वानखेडे, संगठन महामंत्री दौलत पटेल ने बताया कि जिले की संपूर्ण ग्राम पंचायत समिति एवं वार्ड समिति का गठन 100 प्रतिशत पूर्ण हो गया है...जिसमे 335 ग्राम पंचायत एवं 128 वार्ड की समितियों का गठन किया गया है...। संगठन निर्माण का कार्य पूरे इंदौर में सबसे पहले इंदौर में पूरा हुआ है। जिले के चारों विधानसभाओं में पंचायत और वार्ड समितियों के गठन की कवायद पूरी कर ली गई है।

# हुकुमचंद मिल स्टाम्प ड्यूटी चोरी का मामला वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा

**द्विवेदी की शिकायत के बाद मामला फिर सुर्खियों में आया**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम ने गृह निर्माण मंडल के पक्ष में गत वर्ष 23 मार्च, 2025 को रजिस्ट्री करवाई थी और उसी के बाद प्रदेश कांग्रेस के तत्कालीन प्रवक्ता और एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने स्टाम्प ड्यूटी चोरी की शिकायत कराई थी उसी आधार पर जांच कर 19 करोड़ से अधिक स्टाम्प ड्यूटी जमा करने के आदेश वरिष्ठ जिला पंजीयक समरथमल राठौड़ ने दिए है। अब इस आदेश के खिलाफ एड्वोकेट एवं कांग्रेस नेता प्रमोद द्विवेदी ने कमिश्नर इंदौर में जहां अपील प्रस्तुत कर दी है तो खबर है कि गृह निर्माण मंडल भी अपील करने जा रहा है। द्विवेदी ने नियमों तथा वित सचिव के आदेश तथा गृह निर्माण मंडल के जबाव को आधार बनाकर अपील की है तथा कुल क़ीमत 485 करोड 85 लाख पर 60 करोड़ 73 लाख से अधिक स्टाम्प ड्यूटी जमा करने का तथ्यात्मक आधार दिया है तथा आरोप लगाया कि वरिष्ठ जिला पंजीयक ने गलत आदेश दिया है। इस आदेश कारण सरकार को 17 करोड़ 35 लाख कम मिलेंगे। द्विवेदी ने अपनी शिकायत में आधार दिया तथा अपील स्वीकार करने का आग्रह किया है। व्दिवेदी की शिकायत के बाद मामला फिर गरमाया हुआ है। व्दिवेदी ने सवाल उठाया कि सवाल यह नहीं कि गृह निर्माण मंडल सरकारी उपक्रम है सवाल यह भी नहीं कि सरकार का पैसा सरकार को ही जायेगा सवाल यह कि कानून सबके लिए समान है, सरकारी अधिकारियों के लिए तो अहम् जिला पंजीयक ने नियमों के तहत निर्णय नहीं दिया। शिकायत दर्ज कराई प्रकरण दर्ज किया सुनवाई की तो मेरे बयान तथ्य प्रमाण नहीं लिए, बहस नहीं सुनी ना अवसर दिया प्राकृतिक न्याय सिध्दांत की अवहेलना की। साथ ही कानून से परे नियमों से परे आदेश दिया है। 17 करोड 32 लाख से अधिक स्टाम्प ड्यूटी कम क्यों लगाई, क्या कारण है। गौरतलब है कि वरिष्ठ जिला पंजीयक के आदेश के खिलाफ अपील करने पर गृह निर्माण मंडल को 19 करोड़ से अधिक की स्टाम्प ड्यूटी का 25% पहले जमा करनी होगी। मतलब पहले गृह निर्माण मंडल 25% स्टाम्प ड्यूटी जमा करें फिर कमिश्नर को अपील करें वो यह सब करते उसके पहले व्दिवेदी कमिश्नर तक शिकायत दर्ज करवाने पहुंच गए। मतलब गृह निर्माण मंडल की अपील पर सुनवाई में उन्हें सुनना ही पड़ेगा वहीं महानिरीक्षक पंजीयक कार्यालय में भेजी गई शिकायत पर भी जांच होगी।

# गांधी भवन के बाहर पथराव की पड़ताल कर रही है पुलिस

**फुटेज और भाजपा-कांग्रेस द्वारा दिए गए वीडियो के अलावा मीडिया के चित्र भी पुलिस देख रही है**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शनिवार को कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन के बाहर पथराव की घटना हुई थी उस मामले में कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हुई थी और दोनों ही दलों ने रिपोर्ट भी दर्ज की थी, जबकि युवा मोर्चा ने पहले ही प्रदर्शन की घोषणा की थी। इधर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे का कहना है कि पुलिस ने अगर रिपोर्ट नामदर्ज नहीं की तो वे पूरे फुटेज के साथ न्यायालय जाएंगे। इधर 20 कांग्रेसियों पर नाम दर्ज रिपोर्ट दर्ज हुई है उसमें से कुछ कांग्रेसियों के बाहर होने और उस समय गांधी भवन के बाहर मौजूद नहीं होने के प्रमाण भी पुलिस को सौंपने की बात कही है। इधर पुलिस अलग-अलग वीडियो फुटेज के माध्यम से अब पूछताछ कर जांच भी कर रही है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ओर से पुलिस को वीडियो और चित्र दिए गए हैं। इधर मीडिया में जो चित्र छपे हैं उसी को भी पुलिस आधार बना रही है। वहीं घटना स्थल क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी पुलिस ने निकलवाए हैं। कुल मिलाकर अब पुलिस कांग्रेस के न्यायालय जाने के पूर्व सारे फुटेज निकालकर कार्रवाई करना चाहती है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि कोई भी निर्दोश नहीं फंसे। इधर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश सेन शेलू खाटूश्याम की राजस्थान यात्रा पर थे और सादिक खान भी उदयपुर राजस्थान में थे। वहीं और भी 4 से 5 नेताओं ने कहा कि वे गांधी भवन पर हुए हमले के दौरान मौजूद नहीं थे। अब पुलिस सारे प्रमाण जुटा रही है और संभावना है कि जो लोग मौजूद नहीं थे उनके नाम कम हो जाए, इधर अभी तक भाजपाइयों पर नामजद प्रकरण की जगह अज्ञात पर ही रिपोर्ट दर्ज है।



## संजीवनी क्लीनिक एवं संस्कार भवन का लोकार्पण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव विधानसभा दो के वार्ड 25 जनता क्वार्टर पहुंचे। जनता चौपाल भी लगाई और संजीवनी क्लीनिक एवं संस्कार भवन का लोकार्पण भी किया गया। संकल्प से समाधान - जनता चौपाल में महापौर ने लोगों की समस्या और सुझाव भी सुने और आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान मुन्नालाल यादव, अभिषेक शर्मा बबलू, सविता चौखंडे, चंदू शिंदे, राहुल चौकसे, प्रवीण होलकर, सुमित सक्सेना, संतोष चौखंडे, प्रभा जाट, विमला सुनहरे, राजू सुनहरे, राज गौर, शुभम परदेसी, महेन्द्र ठाकुर, सुधीर कोल्हे, दीप्ति हाडा एवं अधिकारी आरसी जैन मौजूद थे।



## भाजपा पार्षद की नई जिम्मेदारी पर हुआ सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा वार्ड 54 के पार्षद महेश बसवाल को अजा मोर्चा में प्रदेश सहमीडिया प्रभारी का दायित्व मिला। इस नई जिम्मेदारी पर उनका कल शांति नगर में सर्वमंगल मां कालका मंदिर समिति द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान गोपाल सिंगार, दिनेश रोकड़े, राकेश डाकसे, अजय चौहान, धर्मेंद्र चौहान, करण अटोदिया उपस्थित थे।**

## निगम कर रहा है कुर्की की कार्रवाई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** छोटी-छोटी बकाया राशि पर भी नगर निगम का राजस्व विभाग अपने बिल कलेक्टर के माध्यम से कुर्की की कार्रवाई करवा रहे हैं। निगम ने इस नए अभियान में अभी तक 1590 सम्पत्तिकर और जलकर के बकायादारों से 7 करोड़ 6 लाख रु. वसूले। कई जगह जब्ती कुर्की की कार्रवाई भी की गई।



## भाजपा नेता ने पार्षद को दिए डेढ़ लाख के चेक

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** माहेश्वरी समाज से जुड़े भाजपा नेता देवेन्द्र ईनाणी को सुखदेव विहार कालोनी बिजासन रोड पर तीन चेक पड़े मिले ईनाणी ने इन डेढ़ लाख रु. से अधिक के तीन चेक को क्षेत्रीय पार्षद बरखा मालू को सौंपे। उल्लेखनीय है कि यह तीन चेक आयुक्त इंदौर नगर निगम के नाम से थे, इस समय नगर निगम राजस्व अभियान तेज किए हुए हैं और तीनों चेक राजस्व उगाई के ही थे। अब इन तीनों चेकों को पार्षद के माध्यम से जमा किया जा रहा है।

## आखिरकार माहेश्वरी कॉलेज के प्राचार्य ने दिया इस्तीफा, न्यायालय ने दिया था स्टे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर के मध्य छत्रीबाग स्थित माहेश्वरी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव झालानी को ट्रस्ट ने हटाने की कवायद की थी। कई दिनों तक ट्रस्ट और प्राचार्य के बीच चर्चा चलती रही थी। आखिरकार राजीव झालानी से न्यायालय से स्टे लाकर फिर से प्राचार्य पद पर काबिज हुए थे। 30 सालों तक माहेश्वरी कॉलेज में प्राचार्य रहते हुए यहां विद्यार्थियों की संख्या भी उन्होंने 4 हजार तक पहुंचाई थी। नया ट्रस्ट और कॉलेज का मैनेजमेंट आने के बाद पदाधिकारी और प्राचार्य के बीच बेपटरी को पटरी पर लाने की कोशिश भी की गई थी। ट्रस्ट ने प्राचार्य झालानी को हटाने की कवायद भी की थी और उसी आधार पर प्राचार्य राजीव झालानी कोर्ट से स्टे लेकर आए थे और वापस झालानी प्राचार्य पद पर काबिज थे। कल देर शाम उन्होंने ट्रस्ट अध्यक्ष पुरुषोत्तम पसारी को अपना प्राचार्य पद का इस्तीफा भेज दिया है।

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को सम्मान देना जरूरी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शहर कांग्रेस सेवादल के पूर्व संगठन मंत्री नरसिंह कुण्डलवाल ने कहा कि जो कांग्रेस नेता यह सोचते हैं कि उनके दम पर कांग्रेस जिंदा हैं तो यह उनकी बहुत बड़ी भूल हैं। जो जमीन से जुड़े, बूथ पर काम करने वाले और मतदाता को बूथ तक लेकर आने वाला कांग्रेसी कार्यकर्ता यदि वर्षों बाद घर से निकल कर मैदान में आया है और गांधी भवन पहुंच रहा है तो यह उनके नेता राहुल गांधी के कारण क्योंकि राहुल गांधी ने सड़क पर उतर कर भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा निकाली उसने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में उत्साह,जोश, जुनून और हिम्मत भरी है। आज जो कार्यकर्ता कांग्रेस को मजबूत करने के लिये क़दम बढ़ा रहा है तो इन नेताओं के कारण नहीं जो सिर्फ बैठकों में बड़े - बड़े वादे और आश्वासन देते हैं। आज जो नेता पद लेकर केवल अखबारों में नाम और फोटो छपवाते हैं उनके दम पर कांग्रेस जिंदा नहीं है वो तो पड़ौसी तो दूर उनके अपने परिवार के वोट भी कांग्रेस को दिलवाने लायक नहीं हैं। राहुल गांधी जो मेहनत आमजन को जोड़ने के लिये कर रहे हैं उसी प्रकार यदि सभी क़ांग्रेस नेता लग जायें तो वो दिन दूर नहीं जब पूरी नौ विधानसभा, लोकसभा, सभी पिच्चासी वार्ड और महापौर भी कांग्रेस का बन सकता हैं। बशर्ते कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष और जिला कांग्रेस अध्यक्ष को चाहिए कि आज भी जो आम कांग्रेसी कार्यकर्ता घर बैठा है उससे मिले, उसकी समस्या को सुनें और उसे पूरा आदर एवं मान सम्मान दें। उसे साथ लेकर पूरे मोहल्ले, बस्ती, कालोनियों में घूम-घूम कर लोगों से संपर्क करें और उनकी समस्याओं को समझें और उसे दूर करने में जनता का सहयोग लें। यदि मेरी इस बात पर ध्यान नहीं दिया जाता हैं और हवा हवाई में चुनाव लड़ने पर जन समर्थन मिलना संभव नहीं है। राहुल गांधी के साथ साथ आज पूरे प्रदेश में जिस प्रकार प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी कांग्रेस को मजबूत बनाने में लगे हैं उसी प्रकार सभी कांग्रेसियों को लग जाना चाहिए। इसमें आम कांग्रेसी कार्यकर्ता को साथ लेकर चलना नहीं भूलें तो हीं कांग्रेस को आगे ले जा सकते हैं अन्यथा संगठन को भुलावे में नहीं रखें। आज जनता कांग्रेस की ओर देख रही है परन्तु उसे कांग्रेसी नेताओं पर विश्वास नहीं है हमें जनता को विश्वास में लेकर चलना होगा तभी मंजिल तक पहुंच सकते हैं।

# नदी-नालों पर तेजी से बढ़ रहे अतिक्रमण एनजीटी के निर्देशों के विपरीत हो रहा काम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शहर में नदी-नालों पर अतिक्रमण तेजी से बढ़ रहे हैं जो बस्तियां नदी और नालों पर बसी हुई थी वह तेजी से आगे बढ़ रही है इस अतिक्रमण को फिलहाल रोकने वाला कोई नहीं है। इस ओर नगर निगम प्रशासन की मॉनिटरिंग कमजोर है जिसके चलते अतिक्रमण बे रोक-टोक हो रहे हैं। वहीं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के स्पष्ट निर्देश है कि तालाबों नदियों और नालों पर अतिक्रमण नहीं हो इन्हें प्राकृतिक स्वरूप में बहने दिया जाए।**

पर्यावरण विद् डॉक्टर ओ पी जोशी ने बताया कि बीते दो-तीन सालों में नदी के किनारो पर अतिक्रमण तेजी से बड़ा है उदाहरण के तौर पर आजाद नगर क्षेत्र की बात की जाए तो यहां मकान तेजी से नालों के ऊपर ही बनाए जा रहे हैं यही नाले आगे कान्ह नदी में मिलते हैं और इस नदी का स्वरूप देते है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में नदी की चौड़ाई बहुत कम रह गई है 15 से 20 फीट नदी का हिस्सा बचा हुआ है बाकी की जद में पिलर खड़े कर मकान बनाए जा रहे हैं।

**आजाद नगर, चंदन नगर, खजराना में नाले के ऊपर बना दिए मकान**

इसके अलावा चंदन नगर सिरपुर क्षेत्र में पुराने नालों के पर बने मकान नालो को कवर करने की और बढ़ रहे हैं, यह कॉलोनी वैध होने के कारण नगर निगम भी यहां मॉनिटरिंग नहीं करता। इसके अलावा कर्बला क्षेत्र सहित घनी बस्ती वाले इलाकों में अतिक्रमण हो रहा है। नगर निगम एवं जिला प्रशासन कि यह जिम्मेदारी है की नदियों के आसपास अतिक्रमण हटाया जाए नए अतिक्रमण नहीं होने दिए जाएं लेकिन पिछले दो सालों में यहां 20 से 30 प्रति. अतिक्रमण बढ़ गए हैं पुराने अतिक्रमण को हटाने के निर्देश नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा पहले से ही दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नदी की जड़ या फिर नदी के ऊपर मकान बना कर रहने वाले लोगों के लिए विस्थापन की कार्रवाई इंदौर नगर निगम द्वारा बहुत धीमी गति से की जा रही है ऐसी स्थिति में नदियों से अतिक्रमण हटता फिलहाल नहीं दिख रहा है यह स्थिति नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के विपरीत बन रही है फिलहाल निगम प्रशासन से हमारी अपील है कि विस्थापन की प्रक्रिया तेज करें जो लोग नदी के पास एवं अंदर रह रहे हैं उन्हें हटाया जाए क्योंकि नदी का पानी दूषित एवं गंदा है यहां सीवरेज के गंदे नाले नदी में मिल रहे हैं जिसके कारण यह स्थान रहने योग्य नहीं है लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है इनके विस्थापन की नीति बनाई जानी चाहिए जिससे नदियों का अतिक्रमण भी दूर होगा साल 2018 से 2023 के बीच नदियों के आसपास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई लेकिन इसके बाद यह धीमी पड़ चुकी है। नदी नालों और बस्तियों के आसपास रहने वाले लोगों के हितों में काम करने वाले एनजीओ के सदस्य राजेश गिरी ने बताया कि नदी नालों की सफाई को लेकर नगर निगम का अभियान धीमा है नदी में सीवरेज का पानी लगातार छोड़ा जा रहा है सीवरेज आउटफाल भी नदी में मिल रहे है जिसके कारण इसके आसपास रहने वालों की जिंदगी नारकीय हो चुकी है इन्हें कहीं गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही है, त्वचा एवं कैंसर जैसे घातक रोग से यह पीड़ित है। यह स्थिति कब तक दूर होगी फिलहाल नदी सफाई के कार्यों से दिखाई नहीं देता नगर निगम बहुत धीमी गति के साथ इस दिशा में काम कर रहा है। बीते 7 सालों में एक भी नया एसटीपी प्लांट बनकर तैयार नहीं हुआ ताकि नदी में गंदा पानी मिलाने से रोका जाए जो आउटफाल बंद किए गए थे वह वापस खोल दिए गए हैं जिससे गंदा पानी सीधा नदी में मिल रहा है।

# राज मोहल्ला में निगम ने खतरनाक मकान तोड़ा

## होली के पर्व को ध्यान में रखते हुए निगम ने की कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा आज सुबह राज मोहल्ला क्षेत्र में स्थित एक खतरनाक मकान को तोड़कर जमींदोज कर दिया गया। होली पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के द्वारा यह कार्रवाई की गई।**



नगर निगम की ओर से वैसे तो हमेशा बारिश के मौसम के पहले ही खतरनाक मकान तोड़ने की कार्रवाई की जाती है। इस बार निगम ने होली के पर्व को ध्यान में रखते हुए भी कुछ खतरनाक मकान तोड़ने का फैसला लिया है। इस फैसले के तहत आज पहली कार्रवाई को अंजाम देते हुए नगर निगम के द्वारा ओल्ड राज मोहल्ला में स्थित गोपाल मिश्रा के मकान को तोड़ दिया गया। यह मकान करीब 40 से अधिक साल पुराना था। इस मकान को लेकर नगर निगम के पास पिछले काफी समय से शिकायत भी आ रही थी। निगम के द्वारा पहले से ही इस मकान को खतरनाक घोषित कर दिया गया था। निगम के द्वारा मकान मालिक को नोटिस देकर मकान के खतरनाक क्षेत्र को तोड़ने के लिए कहा गया था।

इस मकान मालिक के द्वारा नगर निगम के नोटिस पर ध्यान नहीं दिए जाने का यह परिणाम हुआ कि आज नगर निगम को खुद कार्रवाई करने के लिए मैदान में उतरना पड़ा। नगर निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा आज सुबह कार्रवाई करते हुए जी प्लस वन के रूप में बने हुए इस मकान को तोड़कर पूरी तरह से साफ कर दिया गया। निगम के अधिकारियों का कहना है कि अभी होली के त्यौहार के पहले कुछ और मकान पर भी कार्रवाई करने के लिए तैयारी की जा रही है।

# इंदौर में तेज गर्मी की स्थिति

## तापमान 32 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। शहर में एक बार फिर मौसम ने करवट बदल ली है और इंदौर में तेज गर्मी की स्थिति बन गई है। कल शहर का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। यह स्थिति केवल इंदौर में ही नहीं है बल्कि प्रदेश के दूसरे शहरों में भी बन रही है।**

इस बार ठंड के मौसम में यह मौसम बहुत चकमा दे रहा है। तेज करारी ठंड जिस समय पड़ना चाहिए उस समय पर गर्मी के हालात बने हुए हैं। अभी तो स्थिति यह हो गई है कि रात के समय नागरिकों को पंखा चलाना पड़ रहा है। कुछ दिनों से लगातार तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और उससे ज्यादा बना हुआ था। अब यह तापमान बढ़ते हुए 32 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ऐसी स्थिति केवल इंदौर में ही नहीं बनी है बल्कि प्रदेश के दूसरे शहरों में भी ऐसा ही हो रहा है। इस समय पूरे प्रदेश में गर्मी ने दस्तक दे दी है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि अगले दो-तीन दिन के अंदर यह तापमान फिर से करवट बदलेगा और मौसम बदलेगा जाएगा।

# क्या राजनीति में सुचिता नहीं रही



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर को कई कार्यों के लिए राजधानी के रूप में जाना जाता है चाहे वो धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक क्षेत्र हो या नए नए नवाचार का कार्य हो..... लेकिन कुछ भी कर लो अब राजनीतिक पटल पर इंदौर में जो कांग्रेस कार्यालय का घेराव का घटनाक्रम हुआ है उसके कारण इंदौर शर्मसार हुआ है। सोशियल मीडिया में तैरते फोटो, वीडियो बता रहे हैं कि इंदौर की राजनीति किस ओर मोड़ ले चुकी है।**

पत्थर बाजी, टमाटर फेंकना तो कदापि उचित नहीं है लेकिन जिस तरह से अश्लील इशारे करने के फोटो वीडियो सोशियल मीडिया पर सामने आए हैं उससे सो साफ लगता है कि राजनीतिक सुचिता मरणासन्न स्थिति में जा चुकी है। क्या इंदौर की जनता को अब ये देखना बाकी रह गया था ? क्या ये दिन देखना भी बाकी थे? इंदौर के साथ साथ मध्यप्रदेश को भी शर्म सार करने की क्या जरूरत थी। ये विचारणीय है..!

घेराव, आंदोलन तो लोकतंत्र में राजनीति का हिस्सा है लेकिन ऐसा दुष्कृत्य साहस करके इंदौर को शर्मसार करके क्या मिला... ये विचारणीय है..!

इंदौर शहर की जनता ने सोशियल मीडिया के माध्यम से सब देखा है और ये भी देखा है कि किस किस ने पत्थर चलाए, किस किस ने अश्लील इशारे किए, अब इंदौर की जनता क्या करती है ये विचारणीय है..! लेकिन इस घटनाक्रम ने इंदौर के राजनीतिक पटल पर कालिख पोत दी है।

मां अहिल्या बाई की पावन नगरी के नाम से लोकप्रिय इंदौर, स्वच्छता में नंबर वन आने वाला इंदौर, स्वच्छता गुरु बनने वाला इंदौर, नए-नए नवाचारों का सृजन करने वाला इंदौर क्या अब राजनीतिक सुचिता विहीन इंदौर शहर के नाम से जाना जाएगा...? **-बलराम सोनी**

# 1 दिन के विशेष शिविर में निगम ने कमाए 8.70 करोड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**इन्दौर नगर निगम के द्वारा कल एक दिन का बकाया टैक्स वसूली का विशेष शिविर लगाया गया। इस शिविर में निगम के द्वारा सभी 22 जोनल कार्यालय के क्षेत्र से 8.70 करोड रुपए की राशि वसूल की गई है। इसमें सबसे ज्यादा राशि संपत्तिकर के रूप में प्राप्त हुई है।**

निगम के अधिकारियों ने बताया कि कल के इस विशेष शिविर में 1316 संपत्तिकर के खाते में संबंधित व्यक्ति के द्वारा बकाया राशि जमा करने का काम किया गया। इसके तहत इन खातों में 8.56 करोड रुपए की राशि जमा हुई है इसके साथ ही जलकर की बकाया राशि वसूल करने पर भी जोर दिया गया। इसके तहत 390 जलकर के खाते में 14 लाख रुपए की राशि जमा हुई है। इस तरह से कल के इस 1 दिन के अभियान में नगर निगम 8.70 करोड रुपए से ज्यादा की राशि राजस्व के रूप में प्राप्त करने में सफल रहा है।

निगम के अधिकारियों का कहना है कि अभी इस तरह से वसूली का अभियान तेज गति के साथ चलेगा। जिन भी लोगों पर संपत्ति कर की राशि बकाया है उनकी संपत्ति को जब्त करने कुर्क करने और उनसे पैसा जमा करने का कार्य किया जाएगा।

## छिपा बाखल के नागरिकों को हुई निराश

नगर निगम के जोनल कार्यालय के द्वारा संपत्ति कर बकाया होने के आधार पर छिपा बाखल में कार्रवाई की गई। वहां पर निगम की टीम के द्वारा जाकर करीब 12 संपत्ति पर ताले लगा दिए गए। जिन लोगों की संपत्ति पर ताले लगाए गए थे उन्होंने इस कार्रवाई का विरोध किया। इसके बाद में यह लोग अपना पक्ष रखने के लिए नगर निगम आयुक्त के पास मिलने चले गए। जब आयुक्त से उनकी मुलाकात हुई और उन्होंने अपनी समस्या उनके सामने रखी तो आयुक्त ने साफ शब्दों में कहा कि आपको बकाया टैक्स की राशि चुकाना पड़ेगी। इन नागरिकों ने कहा कि वह अभी इस बकाया राशि में से कुछ प्रतिशत राशि जमा कर देते हैं उनका ताला खुलवा दिया जाए। नागरिकों की इस बात को आयुक्त ने नकार दिया और कहा कि आपको पूरी बकाया राशि जमा करना होगी तो ही ताला खुलेगा वरना नहीं। इसके बाद यह नागरिक निराश होकर वहां से लौट गए।

# होली के त्यौहार के पहले जर्जर भवन पर लगाएं बोर्ड रंग पंचमी की गेर के मार्ग पर बिजली के तार ऊंचे करो

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा होली के त्यौहार के पहले जर्जर भवन पर बोर्ड लगाने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही रंग पंचमी की गेर के मार्ग पर बिजली के तार को ऊंचा करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

सिंघल द्वारा नगर निगम के समस्त संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। त्यौहारों के दौरान शहर में नागरिकों का सड़क मार्गों पर अधिक आवागमन रहता है, ऐसे में सुरक्षा एवं सुव्यवस्था सुनिश्चित करना निगम की प्राथमिकता है। समस्त जोन के भवन अधिकारी, जोनल अधिकारी एवं भवन निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र में सर्वेक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि कहीं कोई जर्जर अथवा क्षतिग्रस्त भवन तो नहीं है। यदि ऐसे भवन चिन्हित होते हैं तो उनकी सूची तैयार की जाए, भवनों का स्पष्ट रूप से चिन्हांकन किया जाए, संबंधित स्थानों पर चेतावनी स्वरूप फ्लेक्स लगाए जाएं। इसके साथ ही आवश्यकता अनुसार बैरिकेडिंग कर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने त्यौहारों के दौरान विशेष रूप से उन मार्गों पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं, जहां होली एवं रंग पंचमी के अवसर पर जुलूस, गेर एवं अन्य पारंपरिक आयोजन आयोजित होते हैं। निगम के विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने जोन क्षेत्र में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के साथ समन्वय स्थापित कर अव्यवस्थित केबल वायर, तारों के गुच्छे या नीचे लटके विद्युत तारों का चिन्हांकन करें। ऐसे स्थान जहां तारों के कारण मार्ग में बाधा उत्पन्न हो रही हो या दुर्घटना की आशंका हो, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए। तारों को व्यवस्थित किया जाएं। निगम के जनकार्य (वर्कशॉप), जल प्रदाय, रिमूवल शाखा सहित नगर निगम के समस्त जोन को अपने-अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। सड़कों की मरम्मत, गड्ढों का समतलीकरण, जल आपूर्ति व्यवस्था की सुचारुता, कचरा संग्रहण एवं त्वरित निराकरण, आवश्यक मशीनरी एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। सिंघल ने स्पष्ट किया है कि होली एवं रंग पंचमी जैसे पारंपरिक एवं सांस्कृतिक पर्वों पर नगर की सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुचारु व्यवस्थाएं सर्वोच्च प्राथमिकता हैं।

# एरोड्रम रोड से धार रोड तक बनेगा इकोनामिक कॉरिडोर

### एमपीआईडीसी में पहले चरण में 267 करोड़ का काम करने की पहल की

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

मध्य प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के द्वारा एयरोडम रोड से लेकर धार रोड तक इकोनामिक कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण पर 267 करोड़ की राशि खर्च होगी। इस कार्य को करने के लिए एमपीआईडीसी ने मैदान पकड़ लिया है।

राज्य सरकार के द्वारा इंदौर से लेकर पीथमपुर तक 21 किलोमीटर लंबा इकोनामिक कॉरिडोर बनाने का फैसला लिया गया था। इस फैसले के तहत 8 लेन चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाना है। इसके साथ ही इस सड़क के दोनों तरफ तीन से पांच किलोमीटर तक उद्योगों का जोन विकसित किया जाएगा। इस उद्योगों के जोन में या केवल उद्योग होंगे बल्कि आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भी पर्याप्त स्थान रखा जाएगा। अपने तरह के इस अनोखे कॉरिडोर का निर्माण करने के लिए सरकार के द्वारा पिछले कई सालों से निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

इस कॉरिडोर के लिए कुल 3200 एकड़ जमीन का किसानों से लैंड पूलिंग एक्ट के तहत कब्जा लिया जाना है। अब तक तो सरकार के द्वारा जब भी इस तरह के नियम से किसानों से जमीन ली जाती है तो उसमें जमीन की 50इ हिस्सा किसानों को विकसित जमीन के रूप में वापस लौटाया जाता है। इस क्षेत्र के किसानों के द्वारा सरकार के इस फार्मूले का विरोध किया गया था। किसानों का कहना था कि 50इ हिस्सा काम होता है। ऐसे में सरकार के द्वारा किसानों की बात को तरजीह देते हुए इस प्रोजेक्ट में किसानों को 60% हिस्सा वापस लौटाने की पहल की गई। सरकार की इस पहल से किसान भी संतुष्ट हुए। सरकार के द्वारा इस कार्यक्रम का निर्माण करने के लिए अब तक एयरोडम रोड से लेकर धार रोड तक के क्षेत्र में जमीन के अधिग्रहण का कार्य लैंड पूलिंग एक्ट के तहत आपसी सहमति से पूरा कर लिया गया है। इस क्षेत्र में इकोनामिक कॉरिडोर के प्रथम चरण का निर्माण करने के लिए मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के द्वारा काम शुरू कर दिया गया है।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस क्षेत्र में गांव कोडिया बरड़ी, नैनोद, रिजलाय, बिश्नावदा और नावदा पंथ से होते हुए इस कॉरिडोर के प्रथम चरण का निर्माण किया जाएगा। वैसे तो इंदौर से लेकर पीथमपुर तक के इस कॉरिडोर का निर्माण में 17 गांव की जमीन आना है। अभी कॉरिडोर के प्रथम चरण का निर्माण किया जा रहा है। इसमें केवल पांच गांव की जमीन आ रही है। यह पांचो गांव इंदौर जिले के ही है। बचे हुए 12 गांव में कॉरिडोर का दूसरा चरण निर्मित किया जाएगा। उसमें इंदौर और धार जिले के गांव शामिल है। इस कॉरिडोर की कुल लागत 2360 करोड रुपए है। इसमें से प्रथम चरण के कार्य में कुल 268 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस कॉरिडोर को औद्योगिक क्षेत्र के विकास की दृष्टि से लाइफ लाइन कॉरिडोर के रूप में माना जा रहा है। अब इस कॉरिडोर का निर्माण शुरू करने के साथ ही इस दिशा में मैदानी काम शुरू हो गया है। अब तक सरकार के द्वारा कॉरिडोर के क्षेत्र में जमीन को चिन्हित करने जमीन के मालिकों के नाम की सूची तैयार करने और उनसे जमीन के लिए सहमति प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा था।

# रंग–गुलाल और पिचकारी की सजी दुकानें... अगले हफ्ते धुलेंडी और रंगपंचमी की रहेगी धूम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**





**होली और रंगपंचमी का त्योहार अगले सप्ताह मनाया जाएगा। 8 मार्च को शहर में रंगपंचमी मनाई जाएगी वहीं 2 से 4 तारीख तक होली–धुलेंडी पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए बाजारों में पिचकारी और रंग–गुलाल की दुकान सज गई। मिसाइल पिचकारी, ड्रैगेन पिचकारी,छोटा भीम व डोरीमॉन पिचकारी की डिमांड है।**

शहर के होलसेल एवं रिटेल बाजारों में होली की रौनक दिखने लगी है। हालांकि अभी तो खरीदारी की शुरुआत ही हुई है, दो-तीन दिनों के बाद बाजार में खरीदारों की भीड़ बढ़ेगी। रानीपुरा, मारोठिया, बोहरा बाजार, राजवाड़ा सहित अन्य बाजारों में दुकानें सज गई है। गन पिचकारी, बैलून पिचकारी, पाइप पिचकारी, पेंसिल पिचकारी, टैंक पिचकारी सहित अन्य पिचकारी बाजार में उपलब्ध है। इसके अलावा मिसाइल, ड्रैगेन, छोटा भीम व डोरीमॉन पिचकारी की काफी डिमांड है। खासतौर पर विभिन्न प्रकार के मुखौटे व अन्य सजावटी सामग्रियों से भी दुकानें सज गयी है। रानीपुरा स्थित मयंक ट्रेडर्स के संजय जैन ने बताया कि गुलाल टैंक और मैजिक वाटर बैलून पसंद किया जा रहा है।प्रदेश में कई जगह पर इंदौर से पिचकारी, रंग भेजे जा रहे है।

# लीकेज सुधारने से इंदौर में बढ़ गया 10 एमएलडी पानी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर नगर निगम के द्वारा 2 दिन का शटडाउन लेकर नर्मदा पेयजल योजना में लीकेज सुधारने का जो काम किया गया उससे इंदौर में 10 एम एल डी पानी बढ़ गया है। अभी एक लीकेज और कायम है जिसे आने वाले समय में सुधारा जाएगा।



शहर में आगामी गर्मियों के मद्देनज़र महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज सुबह मुसाखेड़ी स्थित जल वितरण प्रणाली स्काडा सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहर की मौजूदा जल आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। महापौर ने शहर की सभी पानी की टंकियों एवं उनसे संचालित होने वाली जल वितरण प्रणाली को रियल टाइम में परखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मियों के दौरान किसी भी क्षेत्र में पानी की कमी न होने पाए, इसके लिए अभी से व्यापक तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शहर में उपलब्ध कुल जल मात्रा और वितरण क्षमता को लेकर विस्तृत रिपोर्ट भी प्राप्त की। महापौर ने बताया कि नर्मदा परियोजना के चौथे चरण को पूरा होने में अभी समय है, लेकिन वर्तमान क्षमता के अनुरूप शहर को अधिकतम जल उपलब्ध कराने के प्रयास लगातार जारी हैं। इसी कड़ी में हाल ही में शटडाउन लेकर पानी की पाइपलाइन में हो रहे लीकेज को ठीक किया गया है। इन सुधार कार्यों से शहर को मिलने वाली पानी की आपूर्ति में 10 मिलियन लीटर प्रति दिन की वृद्धि हुई है। महापौर ने बताया कि एक अन्य फेज़ की मरम्मत का कार्य भी प्रगति पर है, जो लगभग एक माह में पूरा हो जाएगा। इसके पूर्ण होते ही जल आपूर्ति क्षमता में और 10 एम एल डी की बढ़ोतरी होगी। कुल मिलाकर 20 एम एल डी पानी की अतिरिक्त उपलब्धता गर्मियों में शहर में पानी की सप्लाई को मजबूत करेगी और नागरिकों को राहत देगी।



# मांग पूरी नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कल इंदौर जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौपा गया जिसमें ऑटो चालकों की मांग है कि उनका परमिट अभी नगर निगम सीमा में मात्र 15 किलोमीटर है उसको 60 किलोमीटर किया जाए क्योंकि अब इंदौर चारों दिशाओं में बढ़ रहा है, हर तरफ घनी बस्ती बढ़ती जा रही है और हमारे ऑटो चालकों को भी सवारी दूर-दूर की मिलती है पर अभी वर्तमान में हमारे ऑटो चालक यदि दूर की सवारी लेकर जाते हैं तो पुलिस प्रशासन द्वारा उनके ऊपर चालानी कार्रवाई की जाती है इंदौर शहर में 35000 ऑटो रिक्शा है यदि ऑटो रिक्शा की दूरी बढ़ाई जाएगी तो इंदौर शहर में भी ट्रैफिक का लोड कम होगा और ऑटो चालकों का भी आजीविका अच्छे से चल सकेगी और सवारी को भी राहत मिलेगी। इस दौरान वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, मुरारी राठौर, केदार यादव, हेमंत जारवाल, अनिल साहू, केशव शर्मा, दिनेश क्षीरसागर, महेंद्रसिंह सिसोदिया, राजेश इंस्वूकर, पन्नालाल बिंदौरिया, संजय साहू, कमल राठौर, नानूराम झल्ले, महिमाराम सांवले, प्रकाश भाजिया, सुनील साहू मौजूद थे। संघ द्वारा चेतावनी दी गई है कि 15 मार्च तक शासन प्रशासन ने हमारी मांग नहीं मानी तो भगवा आटो रिक्शा चालक संघ रीगल तिराहा पर धरना प्रदर्शन करेगा जिसमें हजारों ऑटो चालकों का परिवार भी शामिल होगा।

## हासानंदानी चेयरमैन बने



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया इंदौर सेंटर में चेयरमैन विनोद हासानन्दानी बने। साथ में सचिव ब्रजकिशोर गोयल, कोषाध्यक्ष कृष्णकुमार गुप्ता और काउंसलिंग सदस्य ओमप्रकाश विजयवर्गीय को बनाया गया। कई सदस्यों ने बधाई दी।

# अग्रसेन महासभा मनाएगी होली पर्व

### भगोरिया नृत्य, टेपा सम्मेलन, फाग गीत, होली का पूजन सहित अन्य आयोजन होंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अग्रसेन महासभा के कैलाशनारायण बंसल, राजेश मित्तल चौधरी, एसएन गोयल, ओम अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल सभा का होली पर्व उत्सव 28 फरवरी शनिवार की शाम 5 बजे से निपानिया स्थित ॐ साँई गोयल रिसोर्ट पर आयोजित किया जाएगा। अग्र शिरोमणि महाटेपा से वरिष्ठ समाजजन प्रेमचंद गोयल, पीडी अग्रवाल कांट्रेक्टर, मोहनलाल बंसल, विष्णु बिंदल, एसएन गोयल को सम्मानित किया जाएगा। झाबुआ के भील करेंगे भगोरिया नृत्य के अलावा होली पूजन, कीर्तन मंडली द्वारा फाग गीतों की प्रस्तुति, गणगौर माता का पूजन और धमाल का आयोजन भी होगा। टेपा सम्मेलन की जिम्मेदारी गोपालदास गुप्ता, संजय पाटनी, श्याम गोयल, राजेश बंसल पम्प, राजेश जिन्दल, प्रमोद बिन्दल, अजय अग्रवाल, श्री राम अग्रवाल व प्रवीण मुरारका, अरुण अग्रवाल की देखरेख में हो रही है। अलग-अलग वेशभूषा में अग्रवाल समाजजन पहुंचेंगे। अग्रवाल समाज बंधुओं का रंग बिरंगी टेसू के फूलों के साथ स्वागत किया जाएगा। इस आयोजन को गोकुल,मथुरा, वृंदावन बरसाना की महक दी जाएगी। उज्जैन के कलाकर्मी आनन्द प्रदान करेंगे।

## कृष्ण-राम जन्मोत्सव धरावरा धाम पर मनाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



धरावरा धाम पर मानस सम्मेलन और भागवत ज्ञान-यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महंत सुकदेवदास महाराज ने बताया कि कल भगवान कृष्ण और राम जन्मोत्सव भागवत के दौरान मनाया गया। व्यासपीठ का पूजन नानूराम चौधरी श्रीकांत-रेखा शर्मा, विष्णु चौधरी, ललित अग्रवाल, डॉ. सुरेश चोपड़ा, सीताराम नरेडी, मांगीलाल ठाकुर, देवेन्द्र सांखला ने किया। 25 गांव के श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में पहुंच रहे हैं। कथा रोजाना दोपहर 1 से 5 बजे 28 फरवरी तक होगी।

## कार्यालय का हुआ शुभारम्भ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। निगम सहकारी साख संस्था की साधारण सभा आयोजित की गई। कार्यालय का शुभारम्भ और प्रतिमा अनावरण का आयोजन भी किया गया।



## संत महेन्द्र ऋषि म.सा. का होली चातुर्मास मंगल प्रवेश जुलूस







इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। युवाचार्य महेन्द्र ऋषि म.सा. का होली चातुर्मास प्रवेश महावीर भवन इमली बाजार राजवाड़ा पर हुआ। प्रकाश भटेवरा, डिपिन जैन, अचल चौधरी, रमेश भंडारी, हेमंत वोहरा, राजकुमार पंजाबी, स्वप्निल संचेती, रितेश कटकानी ने बताया कि आज सुबह 7.30 बजे मंगल जुलूस के साथ गांधी हॉल के समीप से निकलकर राजवाड़ा महावीर भवन पहुंचा। 11 महिला मंडल अपनी निर्धारित वेशभूषा में मंगल कलश और धार्मिक चिन्ह लेकर आगे चलती रही। जगह-जगह संत की अगवानी हुई, जयकारे भी लगे।

### *महावीर महिला संघ ने मनाया कीर्तन कर उत्सव*

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महावीर महिला संघ कालानी नगर में फाग उत्सव का आयोजन कीर्तन और नृत्य के साथ किया गया। मनीषा गुगलिया, सुशीला सालेचा, सीमा जैन, पिंकी संघवी, मोनिका बाबेल, अर्चना खाबिया, सीमा बूम, नीलम बागरेचा, रीता संघवी, हेमा बागरेचा, सुधिता मूनात, रेखा नलवाया, सुधा लुणावत, स्वीटी चेलावत, रीता मुथा, शिल्पा संघवी मौजूद थी।



## भागवत कथा के लिए भूमि पूजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अन्नपूर्णा मंदिर में 28 फरवरी से होने वाली भागवत कथा का भूमिपूजन श्री शक्ति महिला संघ ने करवाया। अतिथि संजय शर्मा, प्रमोद टंडन, किशोर गोयल, पार्थ मुंशी, घनश्याम शेर थे। संस्था की डिम्पल शर्मा, नताशा चौधरी, नेहा भाटी, रीना तिवारी, भारती शर्मा, शकुंतला ओझा, गीता पंवार, पूर्णिमा शर्मा, रजनी गुप्ता, गीता मसाटकर मौजूद थी।

## बिरजू शर्मा को विश्वकर्मा महापंचायत में जिम्मेदारी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने बिरजू शर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इस नियुक्ति पर रामरतन विश्वकर्मा, दिलीप पांचाल, राजकुमार शर्मा, रामदीन विश्वकर्मा, जानकीलाल विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, नर्मदाप्रसाद पांचाल ने बधाई दी है।



## डायमंड महिला क्लब का फाग उत्सव

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। डायमंड महिला क्लब ने फाग उत्सव का आयोजन कर राधा-कृष्ण के रूप में प्रस्तुति दी। किरण जैन, मीनाक्षी जैन, प्रमिला जैन, किरण बाफना, हेमा जैन ने अपनी भूमिका निभाई।

## खदीजतुल कुबरा आयोजन में होगी तकरीर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी के अध्यक्ष मास्टर मोहम्मद सलीम लाइक ने बताया की 28 फरवरी शनिवार रात 12 बजे से तकरीबन 2 बजे तक मस्जिद सिद्दीके अकबर स्कीम नंबर 71 धार रोड में जश्ने खदीजतुल कुबरा मनाया जाएगा, कार्यक्रम में हजरत मौलाना मोहम्मद शोएब कादरी तकरीर फरमाएंगे प्रोग्राम के आखिर में सेहरी का इंतजाम रहेगा।



**लघु कथा का विमोचन**-इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। साहित्यकार डॉ. एन.एस. चौहान की कृति प्रेरक लघु कथा का विमोचन किया गया। मोतीसिंह पटेल, रणजीत सिंह बालोदिया, शांतिलाल सोलंकी, दिनेश मालवीय, गिरधारी प्रजापत, भगवान सिंह सोलंकी, डी.जी. सोनगरा, आर.सी.चौहान, किरण चौहान, विपिन बालोदिया, अशोक चौहान, अजय शुक्ला,अजय सुमन मौजूद थे।

## जैन मंदिर में अष्टान्हिका पर्व पर पूजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जबरी बाग नसिया में अष्टान्हिका पर्व पर सिद्धो का दरबार सजाया, सिद्धचक्र महामंडल विधान की क्रिया की गई, घटयात्रा, ध्वजारोहण, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा, जाप कलश स्थापना, तत्पश्चात पूजन हुआ।





# कसेरा बाजार स्कूल में विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श शिविर शुरू





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल में दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन आज से दो दिनों के लिए शुरू हुआ। एचसीजी कैंसर हास्पिटल के सहयोग से यह आयोजन चिकित्सकों द्वारा आज सुबह से शुरू किया गया। कई तरह की जांच और चिकित्सकों का परामर्श विद्यार्थियों के बीच शुरू हुआ। शुगर, ब्लड प्रेशर, आंखों की जांच, आवाज में बदलाव, बोलने या श्वांस लेने में कठिनाई, वजन घटना, सूजन सहित अन्य जांच की जा रही है। आज सुबह से डॉ. रेखा निकम, हितेश ओझा, रणजीत, सीमा, अशोक चौहान एवं अग्रवाल आई हास्पिटल से डॉ. अग्रवाल, पूजा कोरी, प्रिंस सोनी, परवेज खान सेवाएं दे रहे हैं। प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर ने बताया कि आज और कल दो दिनों तक विद्यार्थियों की जांच का अभियान जारी रहेगा।

## होली उत्सव पर कवि सम्मेलन होगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। होलीका उत्सव पर दी ओपन स्टेज टेलेंट शो द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन महादेवी पुस्तकालय जीपीओ पर रविवार 1 मार्च को दोपहर 1 बजे से होगा।कमल परदेशी,किरण पांचाल, मनोहरलाल सोनी, दिनेश शर्मा, उर्मिला उर्मी, एन एल पुरोहित, हरीश हंस, वंदना मौर्या, वीणा चौबे, माधुरी उपाध्याय, अनुराग पांडेय रचना पाठ करेंगे।

## हाईवे क्षेत्र अग्रवाल समाज मनाएगा पर्व



### होली-धुलेंडी एवं गणगौर एक साथ मनाएंगे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र पालदा की 30 से अधिक कॉलोनियों के 500 से अधिक अग्रवाल-वैश्य परिवार इस बार भी होली-धुलेंडी, गणगौर एवं अन्य सभी त्यौहार एक साथ मनाएँगे। 2 मार्च को होलिका दहन, 4 मार्च को धुलेंडी एवं 15 मार्च को गणगौर मेला भी आयोजित होगा। जिसमें बच्चों से लेकर महिला, पुरुषों एवं युवाओं के लिए भी आकर्षक स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। अध्यक्ष अरविन्द बागड़ी संयोजक मनीष अग्रवाल मन्नू, शीतल तोड़ीवाला ने बताया कि कल वरुण विक्ट्री परिसर में आयोजित 30 कॉलोनियों के अग्रवाल-वैश्य प्रतिनिधियों की बैठक में होली-धुलेंडी, गणगौर बाना एवं मेला को लेकर चर्चा हुई, विस्तृत रुपरेखा बनाई गई। दिलीप अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, दिलीप नरेडी, विकास मित्तल विक्की, अनिल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सतीश गोयल, ज्योति अग्रवाल मौजूद थे।

## औद्योगिक प्रदर्शनी कल से 2 मार्च तक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्य भारत की सबसे बड़ी औद्योगिक प्रदर्शनी, इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एक्सपो का आयोजन कल 27 फरवरी से 2 मार्च तक लाभगंगा एग्जीबिशन सेंटर में किया जाएगा। आज इसके भूमिपूजन के साथ निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। इस एक्सपो को इंडियन प्लास्ट पैक फोरम (आईपीपीएफ) के संयुक्त तत्वावधान में फ्यूचर कम्युनिकेशन इंवेट एंड एग्जिबिशन प्रा. लि. द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

## विद्यार्थी पहुंचे पोस्ट आफिस, समझी आधुनिक तकनीक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियो ने पोस्ट आफिस पहुंचकर सीनियर पोस्टमास्टर श्रीनिवास जोशी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मेल सॉर्टिंग सेक्शन, स्पीड पोस्ट और पार्सल विभाग का अवलोकन किया तथा जाना कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से पत्रों और पार्सलों को पिन कोड के आधार पर किस प्रकार व्यवस्थित और ट्रैक किया जाता है। शीरीन रंगवाला ने श्रीनिवास जोशी के इस सहयोग की प्रशंसा की एवं विद्यालय परिवार की ओर से आपको और पूरे स्टॉफ को धन्यवाद ज्ञापित किया। एजुकेशन ट्रीप में रेशमा मंसूरी और फहीम मेमन का विशेष सहयोग रहा। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक बल्कि अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ, जिसने यह संदेश दिया कि वास्तविक जीवन की सीख कक्षा शिक्षा के समान ही महत्वपूर्ण है।



## युवा नीमा समाज में वल्लभ नीमा अध्यक्ष

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नीमा समाज की युवा इकाई की कार्यकारिणी का गठन निर्विरोध किया गया। अध्यक्ष वल्लभ नीमा, उपाध्यक्ष रजनीकांत नीमा, सुशील नीमा, सचिव रामनिवास नीमा, सहसचिव प्रदीप नीमा, कोषाध्यक्ष अनिल नीमा बनाए गए है। यह चुनाव पवन नीमा की देखरेख में आयोजित किए गए।



## मसीह समाज की लीडरशिप कांफ्रेंस

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मसीह समाज की क्रिश्चियन चर्च महू में लीडरशिप कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। दिलीप राजपाल, डॉ. अब्दुल गफ्फार खान, अरुणानंद महाराज, सौफिया अलीम खान, अशोक चौकसे, राजेन्द्र नायर, शेख अलीम, किशन भालसे सहित अन्य मौजूद थे।

## हैदराबाद से आए दलित नेता का हुआ स्वागत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



हैदराबाद तेलंगाना से इन्दौर आये प्रकाश सांगेला का इन्दौर नगर निगम में कर्मचारी कामगार संगठन कार्यलय पर स्वागत किया। सूरज गौहर ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर देश भर में आउट सोर्स ठेकेदारी प्रथा का विरोध चल रहा है उसी सिलसिले में आंध्र प्रदेश से राजस्थान होते हुए इन्दौर आये जहाँ प्रकाश सांगला का स्वागत किया गया। महेश गौहर, सूरज गौहर, सतपाल सिंह करोडे, राहुल निहोरे, श्याम शर्मा, गौरव जैन, राकेश सोलंकी, संतोष गौसर, सीमा नरवाले, गीता सिरसिया, सौरभ डागर, मोहित वर्मा, हरीश नागर, दीपक लोट उपस्थित थे।

## वेंकटेश मंदिर में आज रात फाग उत्सव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्रीलक्ष्मी वेंकटश देवस्थान छत्रीबाग में आज फाग महोत्सव रात्रि 8.30 बजे से प्रारम्भ होगा।ठण्डाई प्रसाद का वितरण भी होगा। भक्तों के मंदिर प्रवेश के साथ ही इत्र ओर रंग भरी गुलाल लगाकर स्वागत किया जाएगा। भजन गायक द्वारका मंत्री भजनों की प्रस्तुति देंगे। अरारोट की गुलाल और केशर और टेशू के फूल के रंग से होली खेली जाएगी। उक्त जानकारी पंकज तोतला ने दी।

## महिला संघ ने मनाया फाग उत्सव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री महावीर महिला संघ कालानी नगर का फाग उत्सव महाराणा प्रताप उद्यान पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर मनाया गया जिसमें समाज की करीब डेढ़ सौ से अधिक महिलाओं ने भाग लिया एवं होली के फाग उत्सव पर एवं भजनों पर प्रस्तुति दी। फाग उत्सव का मुख्य आकर्षण राधा कृष्ण थे जिनके साथ सभी महिलाओं ने होली के गीतों पर नृत्य किया एवं फूलों की होली खेली। उक्त



जानकारी संस्था की अध्यक्ष मनीषा और नीतू जैन ने दी।

## खाटू श्याम मंदिर पर कल श्रृंगार दर्शन और भजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। साजन नगर नवलखा स्थित खाटू श्याम नर्मदेश्वर शिव मंदिर पर रंगभरी ग्यारस पर कल 27 फरवरी को शाम 6 बजे से फाग महोत्सव मनाया जाएगा। श्रृंगार एवं छप्पन भोग, ज्योत दर्शन का आयोजन होगा। कीर्तन भी किए जाएंगे। अरविन्द बागडी, राजेश बंसल का मार्गदर्शन मिलेगा। साजन नगर रहवासी संघ अध्यक्ष सुजीत शर्मा ने बताया कि बडी संख्या में खाटू श्याम बाबा से जुडे श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

# महापौर और अधिकारियों के दौरे के बाद भी नहीं बदले हालात



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पालदा औद्योगिक क्षेत्र में महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं नगर निगम के अधिकारियों के दौरे के बावजूद भी क्षेत्र के हालात नहीं बदले। यहां लंबे समय से क्षेत्र के व्यापारियों की लाइटिंग लगाने की मांग के साथ मंगल नगर और प्रार्थना तौल कांटे के पीछे और अन्य गलियों की मुख्य सड़क बनाने की मांग रखी गई थी। इसके अलावा अन्य समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों और उद्योगपतियों की बैठक भी हुई थी। जिसमें महापौर और अफसरों ने व्यापारियों को समस्या के जल्द समाधान के लिए आश्वत भी किया था। लेकिन हालत यह है कि अभी भी क्षेत्र की कई गलियों में सड़कें नहीं बन पाई। यही नहीं आज तक कहीं भी निगम द्वारा एक भी लाइटिंग तक नहीं लगाई जिसके कारण यहां ज्यादातर गलियों में निगम की अनदेखी का अंधेरा फैला है। वहीं जिम्मेदार है कि ध्यान नहीं दे रहें।

### व्यापारियों के बुलावे पर दौरा करने आए थे महापौर

जबकि पिछले साल क्षेत्र के उद्योगपति और व्यापारियों के बुलावे पर महापौर भार्गव ने अधिकारियों के साथ पालदा औद्योगिक क्षेत्र की कई कॉलोनी और गलियों का दौरा किया था। तब लोगों की समस्याएं भी सुनी थी। इस दौरान व्यापारियों ने सड़क निर्माण की समस्या के साथ यहां की प्रमुख क्षेत्र में निगम की ओर से कोई लाइटिंग नहीं होने की समस्या से अवगत करवाया था। व्यापारियों ने बताया रात में यहां सभी गलियों में अंधेरा फैला रहता है। जिसके कारण इस क्षेत्र में चोरी, लूट-पाट जैसी अन्य घटनाओं के होने का व्यापारियों में अंदेशा बना रहता है।

### उद्योग नगर की कंपनियों और फैक्ट्रियों में बड़ी संख्या में महिलाएं करती है काम

क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहें है। यही नहीं जबकि क्षेत्र में बड़ी संख्या में आसपास के एरिया की महिलाएं यहां की फैक्ट्रियों और कंपनियों में दिन-रात काम करती है। उद्योग नगर की इन कंपनियों में दिन-रात अलग-अलग शिफ्टिंग में काम चलता है। मुख्य रूप से यहां खाने के आयटम बच्चों के कुरकुरे, चॉकलेट और चिप्स सहित अन्य खाद्य पदार्थ बनाने का काम होता है। जिनमें अलग-अलग शिफ्टिंग में सुबह से लेकर देर रात तक काम चलता है। ऐसे में क्षेत्र की आधी से ज्यादा खराब सड़कों से होकर गुजरना और उसमें भी औद्योगिक क्षेत्र की किसी भी गलियों और यहां तक की मुख्य मार्ग तक में लाइटिंग नहीं होने से महिला कर्मचारी अपने आपको असुरक्षित महसूस करती है।

**वार्ड 52 की आईडीए कॉलोनी में**

# 4 माह पहले बगीचा निर्माण के लिए भूमिपूजन, फिर भी शुरू नहीं हुआ काम

## सवाल : आधा दर्जन कालोनियों के सैकड़ों लोगों का घर के सामने गार्डन बनने का इंतजार कब होगा पूरा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 52 में स्कीम 94 स्थित आईडीए कॉलोनी के पास संत रविदास नगर में क्षेत्र के हजारों लोगों की सुविधा के लिए एक मात्र बगीचे बनाने का काम आखिर कब शुरू होगा। लोगों का कहना है कि करीब चार माह पहले निगम ने यहां आधुनिक सुविधाओं के साथ लाखों रुपए खर्चकर क्षेत्र की लगभग आधा दर्जन से ज्यादा कालोनियों के हजारों रहवासियों की सुविधा के लिए क्षेत्र का पहला आधुनिक गार्डन बनाने के लिए भूमि पूजन किया था। लेकिन अब हालात यह है कि भूमिपूजन के करीब 4 माह बाद भी यहां काम शुरू नहीं हो पाया। जबकि निगम द्वारा अन्य जगह बगीचे बनाने के काम तेजी के साथ किए जा रहें है।

### कांग्रेस पार्षद ने लगाया निगम पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप

यही नहीं मूसाखेड़ी क्षेत्र की वार्ड 52 की एक मात्र कांग्रेस पार्षद सावित्री सुदामा चौधरी ने सीधे तौर पर निगम अधिकारियों पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि निगम हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। हमारे क्षेत्र की फाइल मंजूरी होने के बाद भी पैसों के संकट के बहाने लंबे समय तक काम शुरू नहीं किया जा रहा है। जबकि भाजपा पार्षदों के वार्ड में काम हो रहें है। यही नहीं ठेकेदार काम करने को तैयार है लेकिन निगम पहले के बिलों का भुगतान नहीं कर रहा है। इसलिए हमारे वार्ड का काम लेने वाले ठेकेदार काम नहीं कर पा रहे है क्योंकि निगम उनका पेमेंट नहीं दे रहा है। इसके चलते हमारे वार्ड के जरूरी काम भी लंबे समय से अटके पड़े है।

इस क्षेत्र में आईडीए कालोनी पानी की टंकी के पास निगम द्वारा करीब 40 लाख से ज्यादा खर्चकर रहवासियों की सुविधा के लिए क्षेत्र का एक मात्र लंबा चौड़ा बगीचा बनाने की तैयारी थी। जहां डेढ़ सौ फीट चौड़े और करीब 200 फीट लंबे हिस्से में क्षेत्र की चंद्रपुरी कॉलोनी, खाती मोहल्ला, आइडिया कॉलोनी, गुलाब बाग कॉलोनी, रविदास नगर सहित अन्य क्षेत्रों के हजारों रहवासियों की सुविधा के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ भव्य गार्डन बनाने की तैयारी थी जो फिलहाल निगम अधिकारियों की अनदेखी से शुरू नहीं हो पाया।जबकि पार्षद ने इसके लिए भूमिपूजन भी कर दिया लेकिन निगम ने अभी तक काम शुरू नहीं करवाया।



# निगम की एक-एक बूंद का हिसाब रखने की योजना ठंडे बस्ते में

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आने वाले दिनों में गर्मी के मौसम में पानी की बचत के लिए इंदौर नगर निगम की एक-एक बूंद का हिसाब रखने की योजना फिलहाल ठंडे बस्ते में है। हालत यह है कि लंबे समय से निगम के नलों के ऊपर मीटर लगाने का काम पूरी तरह से ठप पड़ा है। यही नहीं निगम ने दावा किया था पानी की बर्बादी और दुरुपयोग को रोकने के लिए नलों पर बड़ी संख्या में पिछले साल से ही मीटर लगाए जा रहे हैं। यही नहीं निगम की मीटर की रीडिंग देखकर प्रति लीटर के हिसाब से लोगों से पानी का बिल वसूलने की भी प्लानिंग भी थी।

**भागीरथपुरा कांड के बाद से निगम डरा-** पिछले दिनों शहर में हुए दुर्भाग्यपूर्ण भागीरथपुरा कांड के बाद से निगम डरा हुआ है। ऐसे में लंबे समय से शहर के कई हिस्सों में निगम द्वारा नलों पर मीटर लगाने का काम ठंडे बस्ते में चल रहा है। यही नहीं आकंडों के मुताबिक अब तक एलएनटी कंपनी द्वारा शहर में लगभग 26 से 27 हजार घरों में नलों पर मीटर लगाए थे, जबकि कंपनी को 30 हजार से ज्यादा घरों में निःशुल्क मीटर लगाने थे। लेकिन अभी लंबे समय से काम ठप पड़ा है।

**कई जगह लोगों ने निकाल कर रख लिए नलों से मीटर-** यही नहीं यह बात भी सामने आ रही है कि जहां एलएनटी कंपनी ने नलों पर मीटर लगाए थे, इनमें से भी कई जगह लोगों ने बाद में मीटर निकाल कर रख लिए। इसका कारण यह रहा कि लोगों को डर था कि मीटर में रीडिंग शुरू हो गई और निगम जब भी मीटर से बिल वसूली करेगा तो रीडिंग के हिसाब से पैसा वसूला लेगा। इसलिए कई जगह लोगों ने या तो मीटर लगाए ही नहीं या निकाल कर रख दिए। जिसके चलते फिलहाल तो निगम की पानी की बचत करने और दुरुपयोग रोकने की स्कीम ठंडे बस्ते में चल रही है।

**पूरे शहर से लेकर गांव तक निगम को लगाना है 3 लाख मीटर-** बताते है कि निगम को पूरे शहर से लेकर गांव तक सभी 85 वार्डो में लगभग 3 लाख के आसपास नलों पर मीटर लगाने है। जिसमें से पहले चरण में एलएनटी कंपनी द्वारा 30 हजार मीटर लगाने के बाद निगम की करीब 70 हजार मीटर लगाने की तैयारी थी, जो फिलहाल ठंडे बस्ते में है। यही नहीं निगम का बूंद बूंद का हिसाब रखने के लिए नलों पर मीटर लगाने की योजना पर भी ब्रेक सा लगा है। कहा जा रहा है धीमी रफ्तार की वजह से फिलहाल मीटर लगाने का मामला और मीटर से बिल वसूलने की प्लानिंग निगम की सुस्ती ने ठंडे बस्ते में डाल रखी है।

# राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) का आयोजन होगा

## 100 परीक्षा केन्द्रों पर 38 हजार 144 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा ऑफलाइन पद्धति से राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 का आयोजन आगामी 01 मार्च को किया जाएगा। यह परीक्षा इंदौर जिले के 100 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। उक्त परीक्षा के लिए इंदौर के शासकीय और अशासकीय स्कूलों व कॉलेजों को केन्द्र बनाया गया है। शहर में आयोजित इस परीक्षा में कुल 38 हजार 144 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी। राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 परीक्षा के सम्पूर्ण संचालन हेतु संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े को परीक्षा समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए कल संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देश पर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त राजस्व एवं प्रभारी परीक्षा अधिकारी सपना एम. लोवंशी ने बैठक में बताया कि राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 के प्रश्नपत्र में बहुवैकल्पिक प्रश्न होंगे। परीक्षा प्रारंभ होने के 45 मिनट पूर्व परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। सभी परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केन्द्र पर पहुँचे। परीक्षार्थियों का प्रवेश मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी प्रवेशपत्र और फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व ओएमआर शीट का वितरण किया जाएगा तथा प्रश्न पत्र पुस्तिका का वितरण 11.55 बजे किया जाएगा। परीक्षा पूर्व सभी पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी को वही सेट मिले जो उनके लिए निर्धारित है। बैठक में प्रभारी परीक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 में परीक्षार्थी प्रवेश पत्र, पहचान पत्र, गोले बनाने हेतु निर्धारित स्याही का पेन, स्वयं का फोटो, पानी की पारदर्शी बाटल, अन्य कोई सामग्री जो ई-प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट है, को ले जाने की अनुमति रहेगी। बैठक में बताया गया कि परीक्षा के दौरान वीक्षकों को मोबाइल फोन रखना प्रतिबंधित है। साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित है। परीक्षा में पेन्सिल, रबर, व्हाइटनर एवं ऐसेसरीज जैसे बालों को बाधंने का क्लेचर, घड़ी और हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक आदि वर्जित रहेंगे। इसके अलावा मोबाईल फोन, कैल्कुलेटर, ब्लू टूथ, हेण्ड फ्री डिजिटल घड़ी या अन्य कोई उपकरण भी प्रतिबंधित रहेंगे। इसके अलावा चाबी, लाइटर्स, माचिस बॉक्स, शार्पनर, ब्लेड तथा अन्य कोई कीमती सामान ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व परीक्षार्थी से उक्त सामग्री प्राप्त कर उसे सुरक्षित रखने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल, बिजली आदि बुनियादी सुविधाएं की गई है। बैठक में प्रशिक्षक डॉ. डी. के. गुप्ता सहित समस्त परीक्षा केन्द्रों के सहायक परीक्षा अधिकारी शामिल थे।

## संपादकीय

### 80 लाख आपत्तियां, आधार पर बहस और अदालत की दखल, वोटर लिस्ट की बड़ी परीक्षा

शीर्ष अदालत में मंगलवार को आयोग की तरफ से दलील दी गई कि देश भर में फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हो रहा है और बंगाल में ऐसे मामलों की संख्या सर्वाधिक है। सबसे जरूरी पहलू यह है कि नई मतदाता सूची तैयार करने में पूरी ईमानदारी बरती जाए, ताकि सभी पात्र नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रहे। लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता का मूल आधार पारदर्शिता और निष्पक्षता पर टिका होता है। पात्र मतदाता ही चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बनें, यह सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन जरूरी होता है। इसी उद्देश्य से निर्वाचन आयोग ने देश के विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की है, मगर इसमें कई तरह की आशंकाएं और चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। खासकर पश्चिम बंगाल में पुनरीक्षण को लेकर कई मौकों पर निर्वाचन आयोग और राज्य सरकार को आमने-सामने देखा गया है। सवाल और आरोप वही हैं कि राज्य में इस प्रक्रिया का राजनीतिकरण किया जा रहा है। पहले नागरिकता प्रमाण पत्रों को लेकर विवाद उठा, फिर बूथ स्तरीय अधिकारियों पर काम के बोझ का मुद्दा सुर्खियों में आया और अब तार्किक विसंगतियों से संबंधित दावों और आपत्तियों के पारदर्शी तरीके से समय पर निपटारे का मसला सामने आया है। सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह इस कार्य में सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश दिया था और अब राज्य के दीवानी न्यायाधीशों की तैनाती तथा पड़ोसी राज्यों झारखंड और ओड़ीशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति भी दे दी है। गौरतलब है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल नहीं करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था, मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेज में शामिल कर लिया गया। मगर पश्चिम बंगाल में आधार कार्ड को लेकर चुनाव आयोग की आशंकाएं अभी भी बरकरार हैं। शीर्ष अदालत में मंगलवार को आयोग की तरफ से दलील दी गई कि देश भर में फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हो रहा है और बंगाल में ऐसे मामलों की संख्या सर्वाधिक है। इस पर अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में गहन जांच की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन यह समय इसके लिए उपयुक्त नहीं है। साथ ही कहा कि चूंकि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन से आधार को पहचान प्रमाण के रूप में शामिल किया गया था, इसलिए इसे स्वीकार करना होगा। दरअसल, पश्चिम बंगाल सरकार का दावा था कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत राज्य में तार्किक विसंगतियों को लेकर बड़ी संख्या में लोगों को नोटिस भेजे गए हैं और अब करीब अस्सी लाख दावों और आपत्तियों का निपटारा किया जाना है, जिसमें निष्पक्षता बेहद जरूरी है। इसी के मद्देनजर सर्वोच्च अदालत ने इस कार्य में मदद के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश दिया है। सवाल है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया में शीर्ष अदालत को बार-बार दखल क्यों देना पड़ रहा है? इस कार्य को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 158900 | 160400 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 263500 | 265900 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# बीएसएफ के एएसआई से निवेश के नाम पर 1.60 लाख की ठगी

### व्हाट्सएप कॉल पर झांसा देकर हड़पी रकम

**इंदौर।** साइबर ठगों ने बीएसएफ के एक सहायक उपनिरीक्षक को अपना निशाना बनाया है। शेयर और कमोडिटी मार्केट में निवेश कर बड़ा मुनाफा कमाने का लालच देकर जालसाजों ने अधिकारी के खाते से करीब 1 लाख 60 हजार रुपये पार कर दिए। साइबर सेल की प्राथमिक जांच के बाद अब एरोड्रम पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के मुताबिक, एसटीसी बीएसएफ कैंपस में रहने वाले एएसआई शौकत खान ने शिकायत दर्ज कराई कि 22 जनवरी को उनके पास एक अज्ञात व्हाट्सएप कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को एक इन्वेस्टमेंट कंपनी का प्रतिनिधि बताया और उन्हें शेयर बाजार में निवेश के फायदों के बारे में समझाया। आरोपी की बातों में आकर उन्होंने शुरुआत में 30 हजार रुपये बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए।धोखेबाज ने विश्वास जीतने के लिए शौकत खान को 1 लाख रुपये जमा होने की एक फर्जी रसीद भी भेजी। इसके बाद वह लगातार संपर्क में रहा और अलग-अलग किस्तों में कुल 1.60 लाख रुपये जमा करवा लिए। यह सिलसिला 6 फरवरी तक चलता रहा। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी शौकत खान के खाते में कोई मुनाफ़ा या मूल राशि वापस नहीं आई और न ही रसीद के अनुसार पैसे दिखे, तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने तुरंत इसकी शिकायत साइबर सेल में की। साइबर सेल की तकनीकी जांच के बाद मामला एरोड्रम थाने भेजा गया, जहां पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब उस बैंक खाते और मोबाइल नंबर की जानकारी निकाल रही है, जिसके जरिए यह राशि ट्रांसफर की गई थी।

## जय श्रीराम बोलने पर रिक्शा पर 10प्रश की छूट

**इंदौर।** शहर में दुकानों,शोरूम और ब्रांड के आउटलेट पर तो विशेष ऑफर होना सामान्य बात है, लेकिन एक छूट वाले ऑफर को लेकर एक रिक्शा इन दिनों चर्चा में है। एक रिक्शा पर चालक ने जय श्री राम बोलकर बैठने पर किराए में 10 प्रतिशत की छूट का ऑफर दिया है।रिक्शा को लेकर अब सोशल मीडिया पर अलग अलग प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।






## पुलिस अधिकारी राजेश दंडोतिया का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर शहर में नशे के खिलाफ एवं बड़े केसो का खुलासा करने वाले, अपराधियों पर अंकुश लगाने वाले क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोडिया का मां वैष्णो देवी भक्त युवा मंडल के पं. धर्मेंद्र जोशी द्वारा मां वैष्णो देवी का प्रतीक चिन्ह एवं शील्ड देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर भक्त मंडल टीम के साथी हेमराज सेन रजत जोशी दशरथ बिजोरे उपस्थित रहे।

## राजीनामा न करने पर नाबालिग को एसिड से जलाने की धमकी

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक सिरफिरे युवक द्वारा नाबालिग लड़की को डराने-धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक नाबालिग पर एक पुराने मामले में राजीनामा करने का दबाव बना रहा है। आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी है कि यदि उसने बात नहीं मानी, तो वह होली तक उस पर एसिड फेंक देगा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, 17 वर्षीय नाबालिग पीड़िता ने अपनी सहेली नेहा के भाई सुमित पिता रामबहादुर परिहार निवासी गणेश धाम कॉलोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पिछले कुछ समय से उसे और उसके परिवार को लगातार प्रताड़ित कर रहा है। बीती रात आरोपी पीड़िता के घर पहुँचा और पुरानी रिपोर्ट पर राजीनामा करने के लिए धमकाने लगा। आरोपी ने नाबालिग को डराते हुए कहा कि यदि उसने समझौता नहीं किया, तो वह उसे और उसके पूरे परिवार को जान से खत्म कर देगा। इतना ही नहीं, आरोपी पीड़िता के कार्यस्थल पर जाकर और फोन पर भी लगातार धमकियां दे रहा है। आरोपी ने खौफनाक चेतावनी देते हुए कहा कि 'अगर राजीनामा नहीं किया, तो होली तक तुझे एसिड से जला दूँगा।' डरी-सहमी पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई।

### घर में घात लगाकर बैठा था बदमाश

## ताला लगाने गई महिला पर धारदार हथियार से किया वार

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक अज्ञात बदमाश ने घर में घुसकर महिला पर हमला कर दिया।हमलावर पहले से ही घर की पार्किंग में अंधेरे का फायदा उठाकर छिपा बैठा था। जैसे ही महिला बाहर आई, आरोपी ने पीछे से हमला कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी सारिका पति अशोक कश्यप, निवासी भागीरथपुरा ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि यह घटना उस वक्त हुई जब वह अपने घर के मुख्य दरवाजे का ताला लगाने के लिए जा रही थीं। जैसे ही वह पार्किंग एरिया में पहुँचीं, वहां पहले से घात लगाकर बैठे एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर पीछे से हमला कर दिया। हमलावर ने किसी धारदार हथियार से सीधे महिला के गले को निशाना बनाया। फरियादी ने साहस दिखाते हुए खुद को बचाने की कोशिश की और हमलावर का विरोध किया। इस संघर्ष के दौरान आरोपी ने उनके दोनों हाथों पर भी वार किए, जिससे उनकी कलाइयों पर गहरी चोटें आई हैं। हमले के बाद फरियादी जमीन पर गिर पड़ीं और आरोपी मौके से भाग निकला। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। बाणगंगा पुलिस अब घर के आसपास और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी घर के अंदर कैसे दाखिल हुआ और उसका उद्देश्य क्या था।

## गांजा पीने से रोका तो चौकीदार पर लाठी-डंडों से हमला

**इंदौर।** पलासिया थाना क्षेत्र में नशेड़ियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने ड्यूटी पर तैनात एक चौकीदार को सिर्फ इसलिए लहूलुहान कर दिया क्योंकि उसने उन्हें नशा करने से रोका था। आरोपियों ने चौकीदार का पीछा कर सुनसान इलाके में उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घायल को गंभीर अवस्था में महाराजा यशवंतराव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लाल का बगीचा निवासी सोनू पलासिया स्थित लकी हाईलाइट बिल्डिंग में चौकीदारी का काम करता है। ड्यूटी के दौरान उसने बिल्डिंग के पास स्थित मल्टी के समीप 4-5 युवकों को गांजा पीते देखा। जब सोनू ने उन्हें वहां से जाने को कहा और आपत्ति जताई, तो युवक विवाद करने लगे। ड्यूटी खत्म कर जब सोनू अपने घर लौट रहा था, तभी आरोपियों ने उसका पीछा शुरू कर दिया। लाल के बगीचे के पास बड़े कुएं के समीप आरोपियों ने उसे अकेला पाकर घेर लिया और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोटें आने के कारण सोनू वहीं गिर पड़ा, जिसे परिजनों ने तुरंत अस्पताल पहुँचाया। इसी तरह पिपलिया कुमार काकड़ क्षेत्र में भी मारपीट की एक वारदात सामने आई है। यहाँ 34 वर्षीय अर्जुन को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने रास्ते में रोककर अकारण हमला कर दिया। घायल अर्जुन को भी उपचार के लिए बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस दोनों ही मामलों में अज्ञात हमलावरों की पहचान के लिए क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# लापरवाही से गाड़ी चलाने पर टोका तो स्कूटी सवार ने युवक को मारा चांटा

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र स्थित संजोगपुरी कॉलोनी में सड़क पर स्टंटबाजी और लापरवाही से वाहन चलाने से रोकने पर विवाद सामने आया है। यहाँ एक अज्ञात स्कूटी सवार ने न केवल टोकने वाले युवक के साथ मारपीट की, बल्कि झूमाझटकी के दौरान उसे दांतों से काट भी लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी इरशाद पिता यूनुस बेग, निवासी संजोगपुरी कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह कालोनी में शनि मंदिर के पास मौजूद था, तभी टीवीएस स्कूटी पर सवार एक हेलमेट पहने व्यक्ति अपनी गाड़ी को सड़क पर अचानक लहराकर चलाने लगा। फरियादी ने जब उसे ढंग से गाड़ी चलाने की सलाह दी और लापरवाही पर टोका, तो आरोपी तैश में आ गया। आरोपी ने पहले फरियादी के साथ गाली-गलौज की और उसे एक चांटा जड़ दिया। फरियादी ने जब भाग रहे आरोपी का पीछा कर उसे थोड़ी दूर पर रोका, तो बदमाश ने उतरकर उसकी शर्ट खींचकर फाड़ दी। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने फरियादी की बाईं कांख के पास दांतों से काट लिया और झूमाझटकी के दौरान फरियादी के बाएं हाथ के अंगूठे में भी अंदरूनी चोट आई है। वारदात को अंजाम देकर आरोपी अपनी स्कूटी सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस अब क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि हेलमेट पहने स्कूटी सवार की पहचान की जा सके।

# धार लोकसभा क्षेत्र की रेल परियोजनाओं को मिली गति

## सावित्री ठाकुर ने किया स्थल निरीक्षण



**धार।** केंद्रीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा धार–महू लोकसभा क्षेत्र की सांसद सावित्री ठाकुर ने आज अपने संसदीय क्षेत्र में प्रगति पर चल रही महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्रॉली पर बैठकर रेल पटरियों, निर्माणाधीन ढांचों तथा संबंधित तकनीकी कार्यों का स्वयं अवलोकन किया व अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में आधारभूत संरचना के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उसी क्रम में इंदौर–दाहोद रेल परियोजना क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। यह परियोजना पूर्ण होने पर धार–महू लोकसभा क्षेत्र सहित आसपास के जिलों के नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित एवं तेज रेल सुविधा उपलब्ध कराएगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों तथा समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए और कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने हेतु समन्वित प्रयास किए जाएं। साथ ही स्थानीय नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया गया। ठाकुर ने कहा कि मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से सड़क, रेल, सिंचाई, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं, जिनका लाभ सीधे आमजन को मिल रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रेल परियोजना पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, किसानों और विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा धार–महू लोकसभा क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नीलेश भारती सहित रेल विभाग के इंजीनियर व अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## किसानों ने समर्थन मूल्य पर कराया पंजीयन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अब तक प्रदेश के जिलों में 4 लाख 42 हजार 288 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। किसान 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। वहीं इन्दौर संभाग में 54 हजार 587, उज्जैन में एक लाख 48 हजार 905, किसानों ने पंजीयन करा लिया है। पंजीयन निशुल्क किया जा रहा है। एजेंसियों के माध्यम से भी पंजीयन हो रहा है।

## लिपिकवर्गीय शासकीय कर्मचारियों से लेखा प्रशिक्षण के आवेदन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लेखा प्रशिक्षण शाला इंदौर का आगामी नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र आगामी 1 अप्रैल से जून तक चलेगा। लेखा प्रशिक्षण में शामिल होने के इच्छुक लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी अपने आवेदन पत्र तीन मूल प्रतियों में लेखा प्रशिक्षण शाला इंदौर में 16 मार्च 2026 तक जमा किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप लेखा प्रशिक्षण शाला इंदौर से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

# खाद्य प्रतिष्ठानों में सघन जांच जारी

## विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिए खाद्य पदार्थों के 38 नमूने

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य विभाग प्रशासन के अलग-अलग दलों ने विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की। कार्यवाही के दौरान नंदलालपुरा स्थित शिवशक्ति दूध दही भंडार का निरीक्षण किया गया, जहां नीलेश राठौर प्रतिष्ठान का संचालन करते हुए पाए गए। मौके पर दूध, दही, पनीर एवं लस्सी का निर्माण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक रही। यहां से दूध एवं दही के कुल 02 नमूने जांच हेतु लिए गए। जवाहर मार्ग, नंदलालपुरा सब्जी मंडी स्थित जैन नमकीन भंडार का निरीक्षण किया गया, जहां अभय जैन संचालन करते हुए पाए गए। प्रतिष्ठान पर विभिन्न प्रकार के नमकीन का निर्माण एवं संग्रहण पाया गया। साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। यहां से लौंग सेव का 01 नमूना लिया गया। सपना स्वीट्स, इमली बाजार से मिठाई के 02 नमूने लिए गए। अजय स्वीट्स, सदर बाजार से दूध कतली एवं मिल्क केक के कुल 02 नमूने लिए गए। किशनलाल मायाराम पुरोहित, इमली बाजार का निरीक्षण किया गया, जहां भेरूलाल पिता हीरालाल जाट उपस्थित पाए गए। मौके से मिल्क केक, मावा, मावा पेड़ा, बेसन चक्की एवं पनीर के कुल 05 नमूने लिए गए। परिसर में साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित को सुधार सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। फार्मर्स मिल्क कार्ट, पिपलियाहाना से सुनील जायसवाल की उपस्थिति में पनीर, दही एवं मावा के 03 नमूने लिए गए। विधाता स्वीट्स एंड डेयरी, इमली बाजार का निरीक्षण किया गया, जहां ओम प्रकाश पुरोहित संचालन करते हुए पाए गए। प्रतिष्ठान पर विभिन्न डेयरी उत्पाद एवं मिठाइयों का निर्माण पाया गया। यहां से मावा, मिल्क केक, मावा कतली एवं मावा टिकिया के कुल 04 नमूने लिए गए। अग्रवाल स्वीट्स प्रोडक्ट प्रा. लि., स्कीम नं. 140, इंदौर से पेड़ा, बेसन लड्डू एवं काजू कतली के कुल 03 नमूने जांच हेतु लिए गए। ममता डेरी फार्म, 148 सदर बाजार पर उपस्थित विक्रेता आनंद मेहता के हस्ते दही, पनीर एवं घी के कुल 03 नमूने लिये गये। आनंद श्री नमकीन एंड स्वीट्स, मरीमाता चौराहा से संचालक कमल जैन के हस्ते मिल्क केक एवं मलाई टिकिया के 02 नमूने लिए गए। ओम नमकीन, दिलपसंद ग्रीन, पिपलियाहाना स्कीम नं. 140 से ड्राई फ्रूट चक्की, रतलामी सेव एवं खट्टा-मीठा नमकीन के 03 नमूने लिए गए। गुरु कृपा मिल्क एंड फूड, ब्रह्मबाग कॉलोनी, मरीमाता चौराहा का निरीक्षण किया गया, जहां प्रोपराइटर दिलीप पुरोहित उपस्थित पाए गए। प्रतिष्ठान में विभिन्न डेयरी उत्पाद संग्रहित पाए गए। परिसर से घी, पनीर एवं दही के कुल 03 नमूने लिए गए। राजेश दूध दही भंडार से दूध और दही के 02 नमूने लिए गए। जैन मिठाई भंडार ग्रेटर बृजेश्वरी पिपलियाहाना से मिल्क केक, बेसन चक्की और काजू कतली के 3 नमूने लिए गए। सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है।

# कॉलेज के लाइब्रेरियन ने खाया जहर

## ड्यूटी पर बिगड़ी तबीयत, इलाज के दौरान मौत

**इंदौर।** खंडवा नाका क्षेत्र में रहने वाले एक कॉलेज कर्मचारी द्वारा आत्महत्या करने की दर्दनाक घटना सामने आई है। मेडिकेप्स कॉलेज में लाइब्रेरियन के पद पर कार्यरत हरीश सिंह तोमर (40) ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, हरीश सिंह तोमर रोजाना की तरह कॉलेज में अपनी ड्यूटी पर थे इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। कॉलेज प्रबंधन को जब इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने तुरंत परिजनों को फोन कर बताया कि हरीश को लगातार उल्टियां हो रही हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है। परिजनों के अस्पताल पहुँचने तक डॉक्टर उन्हें बचाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस को अंदेशा है कि हरीश ने कॉलेज में ही किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालांकि, मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के ठोस कारणों का पता चल सके।

# कलेक्टर ने ली खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मिलावट करने वालों के विरुद्ध प्रभावी अभियान को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले में पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए अभियान को विशेष रूप से सघन रूप में संचालित किया जाए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता, निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं पूर्णतः सुरक्षित खाद्य सामग्री प्राप्त हो। खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए। नमूने लिए जाए और उन्हें प्रयोगशाला भेजा जाए, मिलावट पर सख्त कार्रवाई हो।

# संजय कालरा पर एक और केस, किराए पर ली कार डकार गया

**इंदौर।** कुख्यात जालसाज संजय कालरा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अन्नपूर्णा पुलिस ने धोखाधड़ी और अमानत में खयानत के एक नए मामले में संजय कालरा और उसके साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

आरोपियों ने एक व्यक्ति की कार किराए पर ली और एग्रीमेंट की शर्तों का उल्लंघन करते हुए न तो किराया चुकाया और न ही गाड़ी वापस की। उल्लेखनीय है कि कालरा फिलहाल जेल में बंद है और पुलिस अब तक विभिन्न आवेदकों की 40 गाड़ियां उससे बरामद कर चुकी है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी ईश्वर पिता साहेब राम राठौर, निवासी श्रीराम नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी संजय करिरा उर्फ कालरा निवासी वी.आई.पी. परस्पर नगर और शावेज उर्फ जोएब निवासी स्वामी दयानंद नगर ने उनकी कार का विधिवत एग्रीमेंट करवाया था। आरोपियों ने कार को किराए पर चलाने के लिए लिया था और तय समय पर किराया व गाड़ी वापस करने का वादा किया था।शिकायत में बताया गया कि एग्रीमेंट की अवधि बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने न तो किराए की राशि का भुगतान किया और न ही ईश्वर की गाड़ी वापस लौटाई। बार-बार संपर्क करने के बावजूद आरोपी टालमटोल करते रहे, जिससे स्पष्ट हो गया कि उनकी मंशा गाड़ी हड़पने की थी। अन्नपूर्णा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संजय कालरा के खिलाफ शिकायतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जेल में होने के बावजूद उसके पुराने कारनामों की परतें खुलती जा रही हैं और नए फरियादी पुलिस के पास पहुँच रहे हैं। पुलिस अब इस मामले में शावेज की भूमिका की भी जांच कर रही है।


## ज़ाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी मण्डी प्रांगण की फर्म सुनील ब्रदर्स अनुज्ञप्ति क्र. FV 82 के प्रोप्रायटर श्री लक्ष्मीनारायण पिता कुंवर परमार द्वारा उक्त फर्म में अपने पुत्र श्री सुनील पिता लक्ष्मीनारायण परमार को प्रोप्रायटर** बनाये जाने हेतु कृषि उपज मण्डी समिति इन्दौर की फल एवं सब्जी मंडी कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत् किया गया है। उक्त फर्म पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, पारिवारिक विवाद, न्यायालय विवाद, अधिकार आदि हो या प्रोप्रायटर परिवर्तन करने में किसी भी प्रकार का दावा अथवा आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस में प्रमाण सहित अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय, देवी अहिल्याबाई होल्कर फल-सब्जी मण्डी प्रांगण में प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात दावा अथवा आपत्ति मान्य नहीं किये जावेंगे।

**श्री लक्ष्मीनारायण पिता कुंवर परमार**
**पता-51 बी अवासा एवेन्यु बिजलपुर, मो. 9926056832**

## इन्दौर नगर पालिक निगम

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **प्रेम गांधी पति स्व. चंद्रप्रकाशजी गांधी, शीतल गांधी पिता स्व. चंद्रप्रकाश गांधी** पता 5-8 यशवंत निवास रोड 304 डी. यश एलिट इन्दौर झोन क्र. 09 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001066410 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.09 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 09**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## इन्दौर नगर पालिक निगम

**मोती तबेला झोन-32**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती वन्दना पति स्व. श्री गोपाल दुबे** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 9000102933 पता 230 पावनधाम कालोनी इंदौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# टीम इंडिया को बड़ी जीत ही सेमीफाइनल तक पहुंचाएगी



**चेन्नई ।** इंडिया वर्सेस जिम्बाब्वे टी20 वर्ल्ड कप 2026 का 48वां मुकाबला आज शाम चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाना है। भारत और जिम्बाब्वे दोनों ही टीमों के लिए सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए यह मैच जीतना अहम है। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम इंडिया को सुपर-8 के पहले मैच में साउथ अफ्रीका से तो सिकंदर रजा की जिम्बाब्वे को वेस्टइंडीज के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। भारत और जिम्बाब्वे में से आज जो टीम हारेगी उसका टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सफर यहीं समाप्त हो जाएगा, वहीं जीतने वाली टीम वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के साथ सेमीफाइनल की रेस में बनी रहेगी।

## भारत इस तरह पहुंच सकेगा सेमीफाइनल में

टीम इंडिया को अगर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना है तो ना सिर्फ जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी, बल्कि नेट रन रेट को भी ध्यान में रखना होगा। साउथ अफ्रीका से मिली 76 रनों की हार ने भारत का नेट रन रेट काफी खराब कर दिया है। टीम इंडिया का नेट रन रेट फिलहाल -3.800 का है। भारत को अगर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना है तो नेट रन रेट में जरूर इजाफा करना होगा।

भारत को अगर अपना नेट रन रेट पॉजिटिव में लाना है तो जिम्बाब्वे को कम से कम 77 रनों से हराना होगा। वहीं अगर टीम इंडिया जिम्बाब्वे के खिलाफ चेज करती है तो- 101 रन - 7.1 ओवर में चेज करने होंगे, 121 - 8.1 ओवर में चेज करने होंगे, 141 - 10 ओवर में चेज करने होंगे , 161 - 11.3 ओवर में चेज करने होंगे, 181 - 12.5 ओवर में चेज करने होंगे।

## जिम्बाब्वे की कहानी भी भारत से मिलती-जुलती

वेस्टइंडीज से मिली हार के बाद जिम्बाब्वे का नेट रन रेट भी काफी खराब हो गया है। सही मायने में कहा जाए तो उनकी हालत भारत से भी ज्यादा खसता है। जिम्बाब्वे का नेट रन रेट -5.350 का है। अगर जिम्बाब्वे को सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने की रेस में बना रहना है तो उन्हें ना सिर्फ भारत पर जीत दर्ज करनी होगी, बल्कि नेट रन रेट सुधारने के लिए बड़े अंतर से टीम इंडिया को हरना होगा।

# न्यूजीलैंड की जीत ने बढ़ाई पाकिस्तान की मुश्किलें, सेमीफाइनल की रेस में अब ये 6 टीमें

**कोलंबो ।** मिचेल सेंटनर की अगुआई वाली न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने बुधवार की रात श्रीलंका को सुपर-8 मुकाबले में 61 रनों से धूल चटाई। न्यूजीलैंड की इस जीत से श्रीलंका तो टूर्नामेंट से बाहर हो गया है, वहीं पाकिस्तान की मुश्किलें भी बढ़ गई है। टी20 वर्ल्ड कप सुपर-8 के ग्रुप-2 से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुका है, वहीं न्यूजीलैंड अगला प्रबल दावेदार है। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए न्यूजीलैंड-श्रीलंका मुकाबले में कीवी टीम ने मेजबानों के सामने 169 रनों का टारगेट रखा था, इस स्कोर का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 107 रन ही बना सकी। टी20 वर्ल्ड कप सुपर-8 पॉइंट्स टेबल में न्यूजीलैंड के इस जीत के साथ 3 अंक हो गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ उनका पहला सुपर-8 का मैच बारिश की भेंट चढ़ा था। न्यूजीलैंड ग्रुप-2 में अब इंग्लैंड के बाद दूसरे पायदान पर है। न्यूजीलैंड को अगर आसानी से सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना है तो उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ अपने आखिरी सुपर-8 मैच में जीत दर्ज करनी होगी। वहीं तीसरे नंबर पर मौजूद पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ गई है। पाकिस्तान को सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए सबसे पहले श्रीलंका को हराना होगा। साथ ही दुआ करनी होगी कि न्यूजीलैंड अपना आखिरी मैच इंग्लैंड के खिलाफ हारे। इसके बाद भी मामला नेट रन रेट पर जाकर फंसेगा।

# भारतीय कोच की जिम्बाब्वे मैच से पहले दो टूक

**चेन्नई ।** भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने स्वीकार किया कि जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मैच में उनकी टीम पर दबाव रहेगा लेकिन इसके साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी इससे निपटने में सफल रहेंगे। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 के पहले मैच में 76 रन से हारने के बाद सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे। जिम्बाब्वे के बाद भारत रविवार को कोलकाता में वेस्टइंडीज के विरुद्ध खेलेगा।

कोटक ने कहा, विश्व कप भारत में खेला जा रहा है इसलिए दबाव और उम्मीद होना स्वाभाविक है। मेरा मानना है कि आप कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलें दबाव महसूस होता ही है। फिर यह तो निश्चित तौर पर बहुत दबाव वाला मैच है।'' लेकिन कोटक को भारतीय खिलाड़ियों की मानसिक दृढ़ता पर कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे सच में लगता है कि हम इसलिए एक मैच हार गए क्योंकि हमने अच्छी साझेदारी नहीं निभाई। लोग इसके बारे में (दबाव के बारे में) ज्यादा बात करते हैं। मेरा मानना है कि हमारे खिलाड़ी दबाव से निपटने में सक्षम है। अगर हम वर्ल्ड कप जीतना चाहते हैं तो हमें दबाव से निपटना होगा।

**सूर्या ब्रिगेड अगर टी20 वर्ल्ड कप जीतना चाहती है तो ऐसा करना होगा**

कोटक ने कहा कि भारत टूर्नामेंट में आगे भी आक्रामक बल्लेबाजी की अपनी रणनीति पर कायम रहेगा। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर हम उसी तरह की क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। मुझे लगता है कि हमें बहुत सकारात्मक रहना होगा और उसी तरह की क्रिकेट खेलनी होगी जिसने हमें सफलता दिलाई है। हम उसी तरह से खेलेंगे। हमारे रवैए में कोई बदलाव नहीं होगा। कोटक ने इसके साथ ही कहा कि मध्य क्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह दिन में बाद में टीम में शामिल हो सकते हैं। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अपने पिता के बीमार होने के कारण मंगलवार को नई दिल्ली चला गया। उन्होंने कहा, ''रिंकू के पिता की तबीयत ठीक नहीं थी, इसलिए उसे टीम छोड़नी पड़ी। मुझे लगता है कि वह आज शाम तक वापस आ जाएगा। वहीं, कोटक ने खराब फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के लय में लौटने का समर्थन किया लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ शीर्ष क्रम में रणनीतिक बदलाव से इनकार नहीं किया, जिसमें संजू सैमसन को खिलाना भी शामिल है। आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट से पहले शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक के लिए अब तक चीजें मुश्किलें रही हैं। उन्होंने चार मैचों में 3.75 के औसत और 75 के स्ट्राइक-रेट से सिर्फ 15 रन बनाए हैं। कोटक ने कहा, हमारा काम उसे सकारात्मक रखना है। एक बार जब वह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करना शुरू कर देगा तो आप फिर से वही अभिषेक देखेंगे। टी20 में, कोई गारंटी नहीं दे सकता कि वह अगले मैच में ऐसा करेगा। तो मुझे लगता है कि वह बड़ा स्कोर बनाने से दूर नहीं है।

# पहलवान आयुष झा ने जीता अंतरराष्ट्रीय गोल्ड

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस प्रोत्साहन से खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है और वे उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। इसी क्रम में इंदौर जिले के ग्रामीण पृष्ठभूमि के प्रतिभावान पहलवान आयुष झा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता अर्जित करते हुए नेपाल के लुम्बिनी में आयोजित साउथ एशियन कॉम्बैट चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर जिले सहित प्रदेश एवं देश का नाम रोशन किया है। इंदौर जिले के ग्राम काली बिलौद निवासी आयुष झा को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई थी। इस सहयोग से प्रेरित होकर आयुष ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। उपलब्धि के बाद आयुष झा कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं कलेक्टर शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# देवी अहिल्या स्पोर्ट्स एकेडमी व मां उमिया रहे प्रथम

**इन्दौर।** जिला नेटबॉल एसोसिएशन द्वारा इन्दौर जिला स्तरीय चौथी जुनियर नेटबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता व इन्दौर जिला स्तरीय जूनियर मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता व फास्ट 5 जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता अल्पाइन एकेडमी परिसर मे खेली गई। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि समाजसेवी यशवंत धामोरे एवं मध्यप्रदेश सचिव लक्ष्मण दातीर के मुख्य आतिथ्य मे हुआ। इस अवसर हर्षद सातव, विजय राठौड़, उज्जवल डुगारिया उपस्थित थे। ट्रेडिशनल नेटबॉल बालक वर्ग में प्रथम - देवी अहिल्या स्पोर्ट्स एकेडमी, द्वितीय - अल्पाइन एकेडमी, तृतीय - प्रेरणा बाल निकेतन स्कूल रहे। ट्रेडिशनल नेटबॉल बालिका वर्ग में प्रथम - मां उमिया स्कूल, द्वितीय - प्रेरणा बाल निकेतन स्कूल, तृतीय - अल्पाइन एकेडमी रहे। फास्ट 5 नेटबॉल बालक वर्ग में प्रथम - प्रेरणा बाल निकेतन स्कूल, द्वितीय आई पी एस एकेडमी, तृतीय - नेटबॉल एकेडमी रहे। फास्ट5 नेटबॉल बालिका वर्ग में प्रथम - देवी अहिल्या स्पोर्ट्स एकेडमी, द्वितीय मां उमिया स्कूल, तृतीय नेटबॉल एकेडमी तथा मिक्स नेटबॉल वर्ग में प्रथम -अल्पाइन एकेडमी, द्वितीय - प्रेरणा बाल निकेतन स्कूल, तृतीय - देवी अहिल्या स्पोर्ट्स एकेडमी रहे।

# प्रदेश के 13 टेबल टेनिस खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा में

**इंदौर।** टेबल टेनिस फेडरेषन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में म.प्र. टेबल टेनिस संगठन तथा पेरा टेबल टेनिस प्रमोशन एसोसिएशन द्वारा आज से स्थानीय अभय प्रशाल में आयोजित पेरा राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा में प्रदेश के 13 खिलाड़ियों का दल भाग लेगा। मुकाबलें सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुए। राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग ले रहे प्रदेश के खिलाड़ियों को मध्य प्रदेश के खिलाडियों को मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी, जयेश आचार्य, प्रमोद गंगराडे, प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य, गौरव पटेल तथा खिलाड़ियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्पर्धा में प्रदेष के मीना बालोदिया, पिंकी दुबे, हर्षिता जोहरी, अजय यादव, भविष्य जैन, आरिफ देहलवी, हर्ष त्रिवेदी, शहजाद अली, रीना बेगम, रचित बाथम, करूणा चिलहरे, राघव अग्रवाल तथा सपना चैहान भाग लेंगे।

# अन्वेश के दोहरे प्रदर्शन से एकेसीए जीता

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एकेसीए एवं एमकेसीसी के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 19 ओवरो में सभी विकेट खोकर 104 रन बनाये। अन्वेश चावला ने 4 विकेट एवं हर्षित चटर्जी ने 3 विकेट लिये । जवबा में एकेसीए की टीम ने17 ओवरो में 9 विकेट खोकर 108 रन बनाकर यह मैच रोमांचक अंदाज में जीत लिया। अन्वेश चावला ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए नाबाद 50 रन बनाकर अपनी टीम को जीत का मार्ग दिखाया।

# फर्नीचर की दुकान में लगी भीषण आग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

महू के प्लाटून रोड स्थित एक फर्नीचर की दुकान में बीती रात अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुंआ उठता देख क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि आसपास के लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाई और फायर ब्रिगेड के पहुँचने से पहले ही आग पर काफी हद तक काबू पा लिया, जिससे पास की अन्य दुकानें जलने से बच गईं।



बीती रात प्लॉटडन रोड पर स्थित फर्नीचर की दुकान से अचानक आग की लपटें निकलने लगीं। राहगीरों ने शोर मचाया तो बड़ी संख्या में पड़ोसी और स्थानीय लोग जमा हो गए। लोगों ने बिना समय गंवाए दुकान का शटर तोड़ा और बाल्टियों से पानी डालना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुँची और पूरी तरह आग को बुझाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली के तारों में हुआ शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस अग्निकांड में दुकान के अंदर रखा कीमती फर्नीचर और अन्य कच्चा माल जलकर खाक हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो पास की कतारबद्ध दुकानें भी इसकी चपेट में आ सकती थीं।

# 8 लोगों की टीम खेल रही थी जुआ

## पहुंच गई पुलिस, किया ताशपत्ती जब्त कर प्रकरण दर्ज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पलासिया थाना क्षेत्र के बड़ी ग्वालटोली क्षेत्र में 8 लोगों की सामूहिक टीम जुआ खेल रही थी तभी पुलिस को जानकारी मुखबिर ने दी। पलासिया पुलिस के मुताबिक ग्वालटोली में पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर 8 लोगों को ताशपत्ती के साथ दाव लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा, हजारों रु. नकदी भी जब्त किए और प्रकरण भी जुआ एक्ट में दर्ज किया। पुलिस को लगातार मकान की छत पर जुआ खेलने की खबर मिल रही थी। पुलिस ने हरिप्रसाद पिता भेरूलाल बड़ोदिया, सुनील पिता सुरेश ठाकुर, रोहन पिता भारत कैथवास, दिनेश पिता अमृतलाल बौरासी, भारत पिता कल्लू कैथवास, धर्मेन्द्र पिता मांगीलाल बौरासी, पिन्टू पिता निर्मल कौशल सभी बड़ी ग्वालटोली, श्याम पिता मिश्रीलाल कैथवास निवासी देव नगर को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में पुलिस के दिनेशसिंह भदौरिया, रिंकूसिंह राजपूत, इमरत यादव की भूमिका सराहनीय रही।



## सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश नगदी व जेवरात लेकर फरार

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाशों ने ताला तोड़कर घर में रखे जेवरात और नगदी चोरी कर ली।पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्रीन व्यू गली नंबर 6, सिंगापुर टाउनशिप निवासी जितेन्द्र शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि देर रात लगभग 9 बजे से सुबह 6 बजे के बीच अज्ञात बदमाश उनके मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए।शिकायतकर्ता जब घर पहुंचे तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी में रखे हार सहित अन्य जेवरात और नगदी गायब मिले। बदमाश आलमारी का लॉक तोड़कर कीमती सामान लेकर फरार हो गए।पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



## सड़क पर पड़े कांच को पुलिस ने हटवाया

**इंदौर।। कालानी नगर में बीच सड़क पर पड़े कांच के टुकड़ों को यातायात पुलिस ने हटवाया।कांच के छोटे छोटे टुकड़े सड़क पर फैल गए थे,जिसके कारण राहगीरों को समस्या हो रही थी।**

## बुजुर्ग वर्मा पर हुआ हमला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर में रहने वाले बुजुर्ग 75 वर्षीय वरिष्ठ पत्रकार हीरालाल वर्मा रात को घर में सो रहे थे, तभी आवाज आई वे बाहर आए तो शिवाजी नगर में रहने वाले कुछ युवाओं ने उन पर हमला बोल दिया और पत्थरबाजी भी की, जिससे वर्मा के सिर में चोट आई। घायल अवस्था में थाना पहुंचे और रजत पिता अनिल तागड़, पार्थ पिता अनिल तागड़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मेडिकल भी कराया और प्रकरण भी दर्ज किया। प्रेस क्लब पदाधिकारी दीपक कर्दम, संजय त्रिपाठी, नवीन मौर्य, कांग्रेस नेता राहुल निहोरे, सदाशिव यादव काका, प्रकाश महावर कोली एवं राजकुमार हंस, विजय कुशवाह ने हमले की निंदा की है।



## छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र में एक 18 वर्षीय बीएससी की छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को फंदे से नीचे उतारा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

साईनाथ कॉलोनी निवासी प्रथा पिता परीक्षित (18) ने बुधवार को अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। जब परिजनों ने उसे फंदे पर झूलते देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। तिलक नगर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का मुआयना किया और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। फिलहाल, मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस परिजनों और प्रथा के दोस्तों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह पिछले कुछ समय से किसी तनाव में तो नहीं थी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों के विस्तृत बयानों के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## एमडी ड्रग्स सहित धराया पैडलर्स

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रावजी बाजार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मोती तबेला रोड पर घेराबंदी कर एक पैडलर्स को दबोचा, जिसके पास से एमडी ड्रग्स बरामद हुई है। पकड़ा गया आरोपी शहर के अन्य इलाकों में नशा सप्लाई करने की फिराक में था।

पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोती तबेला रोड पर एक संदिग्ध युवक नशे की खेप लेकर खड़ा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और मीजान पिता मोहम्मद अतीक, निवासी आजाद नगर को हिरासत में लिया। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके कब्जे से 6.9 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। ज़ब्त ड्रग्स की कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। अब पुलिस आरोपी से कड़ी पूछताछ कर रही है कि वह यह नशा कहाँ से लेकर आया था और इंदौर में किन-किन लोगों को इसे बेचने वाला था। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में शहर के कुछ अन्य नशा तस्करों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

# 7 साल से फरार 'बच्चा' गिरफ्तार 6 वारंट थे लंबित

**इंदौर।** चंदन नगर पुलिस ने पिछले सात वर्षों से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहे एक शातिर बदमाश और स्थाई वारंटी को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी के खिलाफ अलग-अलग न्यायालयों से 5 स्थाई और 1 गिरफ्तारी वारंट जारी थे, जिनकी तामीली के लिए पुलिस लंबे समय से प्रयासरत थी। थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि आरोपी राजू उर्फ बच्चा पिता राम सिंह भिलाला निवासी जी.एन.टी. मार्केट झोपड़पट्टी शातिर किस्म का अपराधी है। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह अपना मूल ठिकाना छोड़कर बेटमा क्षेत्र में गजानंद कंपनी के पास छिपकर रह रहा था। बुधवार को पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, मारपीट, आगजनी और बलवा जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट और न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उसके विरुद्ध आधे दर्जन वारंट जारी किए गए थे।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।



ठिकाना बदलकर बेटमा में छिपा था शातिर बदमाश

# शराब के पैसे नहीं दिए तो सनकी पड़ोसी ने फूंकी गाड़ियाँ

## दो बाइक और एक साइकिल जलाई, डेढ़ लाख का नुकसान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**रावजी बाजार थाना क्षेत्र में एक नशेड़ी बदमाश द्वारा शराब के लिए पैसे न मिलने पर पड़ोसी की गाड़ियों में आग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने रंजिश के चलते फरियादी के परिवार को नुकसान पहुँचाने की नीयत से देर रात घर के बाहर खड़े वाहनों को पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।**

पुलिस के मुताबिक, फरियादी राजू वर्मा, निवासी प्रकाश का बगीचा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके ही मोहल्ले में रहने वाला लखन वर्मा उर्फ काला उनसे शराब पीने के लिए पैसों की मांग कर रहा था। जब फरियादी ने पैसे देने से मना कर दिया, तो आरोपी रंजिश पाल बैठा। बीती रात जब पूरा परिवार सो रहा था, तब आरोपी ने फरियादी के घर के बाहर खड़े वाहनों को निशाना बनाया। आरोपी लखन ने वहां खड़ी एक बजाज पल्सर 220, एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और एक हीरो साइकिल पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। देखते ही देखते आग की लपटों ने वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस आगजनी में दोनों मोटरसाइकिलें और साइकिल बुरी तरह जल गईं, जिससे फरियादी का करीब डेढ़ लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। शोर मचने पर जब तक लोग बाहर आए और आग बुझाई, तब तक आरोपी मौके से भाग चुका था। रावजी बाजार पुलिस ने आरोपी लखन उर्फ काला के खिलाफ आगजनी और क्षति पहुँचाने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।